




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25



आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 15 अंक - 21 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 3 नवंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### बढ़ते प्रदूषण पर केजरीवाल सरकार का फैसला, दिल्ली में पांचवीं तक सभी स्कूल दो दिन बंद

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी में हवा की गति कम होने के साथ ही वायु प्रदूषण बढ़ गया है। जिसको देखते हुए दिल्ली सरकार ने दो दिनों तक स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर जानकारी दी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट साझा कर बताया कि दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। जिसे देखते हुए दिल्ली में सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल अगले दो दिनों तक बंद रहेंगे। गुरुवार को एक बार फिर एनसीआर में दिल्ली की हवा गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। सफर इंडिया के अनुसार गुरुवार सुबह दिल्ली में समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक 346 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में है। वहीं, नोएडा में दोपहर 12 बजे समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक 695 पर जा पहुंचा। कई लोगों ने आंखों में जलन तक की शिकायत की। दिल्ली में गुरुवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 346 दर्ज किया गया। यह इस सीजन का सर्वाधिक एक्यूआई है और यह लगातार छठा दिन रहा।

# अपने घर व दफ्तर जाने तरसे लोग

## पीएम मोदी के दौरे को लेकर दुर्ग पुलिस ने आम रास्ते किए ब्लॉक, लोगों की बढ़ गई परेशानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार के लिए 4 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुर्ग पहुंच रहे हैं। इससे पहले दुर्ग पुलिस ने उन तमाम रास्तों को ब्लॉक कर दिया है जहां से पीएम मोदी गुजरने वाले हैं। यहां तक की पीएम मोदी की सभा वाली जगह के आसपास के सभी रास्तों को ब्लॉक कर दिया है। इसके कारण आम लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। काम पर जाने वालों से लेकर अन्य जरूरी काम के लिए जाने वाले लोगों को यह समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर में जाएं तो कैसे जाएं। हालात ऐसें बन गए हैं कि लोग अपने घर जाने के लिए तरस रहे हैं।




बता दें छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर दिग्गज नेताओं का आना जाना लगा हुआ है। कांग्रेस पार्टी के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता भी छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 नवंबर को बस्तर संभाग का दौरा किया था। वहीं अब 4 नवंबर को दुर्ग शहर में आमसभा को संबोधित करने आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा दुर्ग के रविशंकर स्टेडियम में है। 4 नवंबर को सभा होनी है और यहां दुर्ग पुलिस ने 2 नवंबर से ही रास्तों को ब्लॉक करना शुरू कर दिया है। 3 नवंबर यानी शुक्रवार को हालात ऐसे हो गए हैं कि भिलाई में जयंती स्टेडियम के पास बने हैलीपेड से लेकिर दुर्ग शहर के रविशंकर स्टेडियम तक जगह जगह सड़क ब्लॉक कर दिया गया है।

### यातायात विभाग ने जारी किया था रूट चार्ट

एक दिन पहले दुर्ग पुलिस के यातायात विभाग द्वारा पीएम मोदी के आगमन को लेकर एक रूट चार्ट जारी किया था। रूट चार्ट के साथ दुर्ग पुलिस ने स्पष्ट रूप से चेता दिया कि हैलीपैड से लेकर सभा स्थल तक सड़क के आसपास एक ठेला भी नहीं दिखना चाहिए। यानी पीएम मोदी की अगुवाई केवल सुरक्षा बलों के हाथ होगी। आम आदमी उनकी एक झलक भी नहीं देख सकता। वहीं पीएम मोदी के आगमन से पहले जिन रास्तों को ब्लॉक किया गया है वे सभी आम रास्ते हैं जिसका रोज लाखों लोग इस्तेमाल करते हैं। रास्ते ब्लॉक होने से आम लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई।

### शहर के इन रास्तों पर जाने से बचें लोग

पीएम मोदी के दौरे के पहले रास्तों को ब्लॉक करने के साथ पुलिस व सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं। आम लोगों को परेशानियों से बचना है कि टाउनशिप में सेंट्रल एवेन्यू मार्ग पर जाने से बचें। इसके साथ ही जयंती स्टेडियम के पास बने हैलीपैड से सेंट्रल एवेन्यू, ग्लोब चौक, सेक्टर-9, तालपुरी चौक, टगड़ा बांध फ्लाईओवर, जेल तिराहा, रविशंकर स्टेडियम, मालवीय नगर चौक से पटेल चौक आदि रास्तों पर जाने से बचे। दुर्ग शहर में जाने वाले लोग भी मालवीय नगर चौक के आगे नहीं जा पा रहे हैं यहां भी बांस से बेरीकेडिंग कर दी गई है।

### मरीजों के लिए बनाया गया है वैकल्पिक मार्ग

जिला अस्पताल जाने वाले मरीजों के लिए भी दुर्ग पुलिस वैकल्पिक मार्ग बना दिया है। आपात स्थिति में मरीजों को भी जिला अस्पताल पहुंचने में कई तरह की मुश्किलों का सामाना करना पड़ रहा है। यही नहीं बीएसपी टाउनशिप में सेंट्रल एवेन्यू पर जगह जगह बांस की बेरीकेडिंग की गई जिसके कारण लोगों को अपने ही घर जाने के लिए तरसना पड़ रहा है। किसी तरह बाहर निकले तो अंदर आने में परेशनी और अंदर पहुंच गए तो बाहर निकलने की परेशानी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र दुर्ग में आकर चुनाव के नजरिए से किस प्रकार की घोषणाएं करेंगे यह तो बाद की बात है लेकिन इससे पहले आम लोगों को जिस तरह से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वह कहीं इस चुनाव में भाजपा की हार का कारण न बन जाए।

# मौसम: छत्तीसगढ़ में बादल छाने से हल्की बारिश की बढ़ी संभावना, अगले सप्ताह से बढ़ेगी ठंड

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। प्रदेश में आगामी तीन दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान कोई बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद प्रदेश में न्यूनतम तापमान घाट सकता है। ग्रामीण और आउटर इलाकों में ठंड में बढ़ोतरी होने लगी है। प्रदेश में आने वाले तीन दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। इसके बाद अगले सप्ताह से ठंड में बढ़ोतरी होगी।

मौसम विभाग के अनुसार, बीते दिनों गुरुवार को प्रदेश एक एक दो जगहों पर हल्की बारिश हुई है। बादल छाए रहने की वजह से आज शुक्रवार को एक दो स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। आगामी तीन दिनों तक छत्तीसगढ़ में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद न्यूनतम तापमान घटेगा। इसके साथ ही प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। प्रदेश में कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज ऐसे ही रहने की संभावना है। ग्रामीण और आउटर क्षेत्र में सुबह और रात के समय ठंड लग रही है।

# पहले चरण का चुनाव : नक्सली खौफ के बीच मतदान के लिए मिलेंगे केवल 8 घंटे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के तहत पहले चरण में 7 नवंबर को मतदान होना है। पहले चरण में जिन 20 सीटों पर मतदान होना हैं उनमें से 10 ऐसी सीटें भी हैं जहां नक्सलियों का खौफ ज्यादा है। निर्वाचन आयोग ने इन सीटों पर सुरक्षा की दृष्टि से मतदान के समय में कटौती की है। यानी अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा इन सीटों पर मतदान के लिए कम समय मिलेगा। ऐसी 10 सीटों पर दोपहर 3 बजे तक की मतदान होगा। वहीं शेष 10 सीटों पर शाम 5 बजे तक वोटिंग होगी।



बता दें छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पहले चरण 20 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 223 उम्मीदवार मैदान में हैं। पहले चरण में राज्य के कुल 40 लाख 78 हजार 681 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 19 लाख 93 हजार 937 पुरुष मतदाता, 20 लाख 84 हजार 675 महिला मतदाता तथा 69 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। पहले चरण में कुल 5304 मतदान केंद्रों में वोट डाले जाएंगे।

### इन सीटों पर दोपहर 3 बजे तक होगी वोटिंग

विधानसभा आम निर्वाचन के लिए पहले चरण में 7 नवम्बर को जिन 10 सीटों पर दोपहर 3 बजे तक वोटिंग होनी है उनमें मोहला-मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इस सीटों पर सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक वोटिंग होगी। वहीं पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट में सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा।

### राजनांदगांव में सबसे ज्यादा प्रत्याशी

पहले चरण के चुनाव के लिए राजनांदगांव विधानसभा से सबसे ज्यादा 29 प्रत्याशी मैदान में हैं। इसके अलावा अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 13, भानुप्रतापपुर में 14, कांकेर में 9, केशकाल में 10, कोंडागांव में 8, नारायणपुर में 9, बस्तर में 8, जगदलपुर में 11, चित्रकोट में 7, दंतेवाड़ा में 7, बीजापुर में 8 , कोंटा में 8, खैरागढ़ में 11, डोंगरगढ़ में 10, डोंगरगांव में 12, खुज्जी में 10, मोहला-मानपुर में 9, कवर्धा में 16 तथा पंडरिया में 14 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं।

## दुर्ग शहर में जोरों से गूंज रहा है नारा.....

# फेर ए दारी, अरुण भैय्या के बारी

श्रीकंचनपथ इलेक्शन न्यूज़

दुर्ग। शहर से सातवीं बार चुनावी मैदान में उतरे वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा को चुनाव प्रचार के दौरान सभी 60 वार्डों में अपार जन समर्थन व माताओं बहनों का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। श्री वोरा ने इस प्यार, स्नेह और आशीर्वाद के लिए दुर्ग की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि जनता का यही दुलार उनकी पूंजी है। दुर्ग में विकास की गति आगे भी जारी रहेगी। शहर की जनता को हर तरह की सुविधा मिले और उन्हें किसी भी तरह की तकलीफन हो इसके लिए निरंतर प्रयासरत रहा हूं और आगे भी रहूंगा। दुर्ग शहर में इस बार पूरे जोर-शोर से नारा चल रहा है - फेर ए दारी, अरुण भैय्या के बारी।



गौरतलब है कि श्री वोरा 1993 में पहली बार विधायक बने थे इसके बाद लगातार तीन बार पराजित हुए। लेकिन पराजय. के बाद भी उन्होने शहर के मतदाताओं की सेवा का काम जारी रखा। इसका परिणाम यह हुआ कि पिछले दो चुनाव में लगातार विजयी हुए। इस तरह श्री वोरा पिछले छह चुनाव में तीन बार विजयी हुए है और तीन बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। अब पिछले दो चुनाव में जीत के बाद भी श्री वोरा तीसरी बार हैट्रिक की जीत की, दहलीज पर खड़े है। श्री वोरा ने अनौपचारिक चर्चा में कहा कि 1972 से 1992 तक उनके पिता मोतीलाल वोरा दुर्ग की सेवा करते रहे हैं। जनता के आशीर्वाद की वजह से ही बाबूजी को विभिन्न पदों पर रहने का अवसर मिला। उन्होने कहा कि बाबूजी ने कभी भी दुर्ग को राजनीति का अखाड़ा नही माना बल्कि दुर्ग की जनता को परिवार मानकर सेवारत रहे। श्री वोरा ने कहा कि दुर्ग की जनता का मुझे भरपूर प्यार स्नेह व आशीर्वाद मिला है। मैने निष्काम भाव से ईमानदारी से जनता की सेवा की है। उन्होने भावनात्मक लहजे से यहभी कहा कि जब तक जीवित रहूंगा जीवन पर्यन्त जनता की सेवा करता रहूंगा।

एक सवाल के जवाब में श्री वोरा ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि के लिए सभी जातियां सभी समाज एक समान होते है। इसमें किसी भी तरह का भेदभाव नही होना चाहिए। दुर्ग शहर विधानसभा का पूरा क्षेत्र मेरे लिए एक परिवार तुल्य है। उन्होने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधि को कभी भी वोट का अनुमान नही लगाना चाहिए। आशीर्वाद का अनुमान लगाना चाहिए। शहर की जनता के विश्वास की कसौटी पर खतरा उतरने का प्रयास निरंतर जारी है। श्री वोरा ने एक प्रश्न के उत्तर मे यह भी कहा कि भाजपा के शासनकाल में दुर्ग विकास से कोसो दूर पीछे चला गया था। भूपेश बघेल के नेतृत्व में जब राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी तब पूरे प्रदेश के साथ दुर्ग में विकास शुरू हुआ। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विकास के लिए पांच साल में पांच सौ करोड़ रूपए दिए है। भाजपा के शासन में दुर्ग की उपेक्षा ही होती रही है।

### जीत के प्रति दिखाया भरोसा

जनता के मिल रहे अपार समर्थन से अभिभूत श्री वोरा ने एक बार फिर दुर्ग शहर में कांग्रेस का परचम लहराने की बात कही है। उन्होंने एक बार फिर टिकट देकर भरोसा जताने के लिए पार्टी के शीर्षस्थ नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत अन्य नेताओं का आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि वे शीर्ष व प्रादेशिक नेतृत्व के भरोसे पर पूरी तरह खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि जब-जब भाजपा का शासन आया तब-तब दुर्ग शहर ठगा गया। उसके जनप्रतिनिधियों ने शहर के विकास की सदैव अनदेखी की। नगर निगम में भी भाजपाई सत्ता के रहते कोई काम नहीं हो पाया। लेकिन विगत 5 वर्षों में स्थितियां बदली है। शहर में काम दिख रहा है। यह भूपेश बघेल की अगुवाई और दुर्ग शहर में कांग्रेस के दमदार नेतृत्व की वजह से ही हो पाया है।

### आरती और विजय तिलक से हो रहा स्वागत

प्रचार के चौथे दिन वोरा ने अपने गृह वार्ड मोहन नगर क्षेत्र में घर घर जनसंपर्क किया जहां जगह-जगह महिलाओं ने आरती की थाली लेकर वोरा का स्वागत किया, जहां विधायक खुद ही लोगों की आरती करते नजर आए। इस बीच उन्हें लेकर वरिष्ठ मंत्री ताम्रध्वज साहू व रविन्द्र चौबे के वक्तव्यों की चर्चा रही। दुर्ग में हुए संकल्प शिविर के दौरान कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने अरुण वोरा को देश का सबसे सक्रिय विधायक बताया था। वहीं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने भावुक होते हुए कहा कि लंबे अरसे के बाद दुर्ग कांग्रेस अपने मार्गदर्शक व प्रेरणास्रोत मोतीलाल वोरा की अनुपस्थिति में चुनाव के मैदान में है। जिस तरह से बाबूजी ने पूरे प्रदेश को अपना परिवार मानते हुए देश एवं दल की कर्मठता से सेवा की अरुण वोरा को जिता कर उन्हें शहर सच्ची श्रद्धांजलि देगा।

### भाजपा प्रत्याशी का प्रचार भी जोरों पर



इधर, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी गजेन्द्र यादव का चुनाव प्रभार भी जोरों पर चल रहा है। जब पार्टी ने श्री यादव को प्रत्याशी घोषित किया था, तब पार्टी में बिखराव देखने को मिला था, लेकिन अब भाजपा में एकजुटता साफतौर पर देखी जा रही है। श्री यादव व उनकी टीम वार्डों में दौरे कर मतदाताओं से वोटिंग की अपील कर रही है। श्री यादव भाजपा के युवा और नए चेहरे हैं, इसलिए भी पार्टी के इस दाँव को कार्यकर्ता दूरगामी मान रहे हैं। पिछले चुनाव में भाजपा ने तत्कालीन महापौर चंद्रिका चंद्राकर को प्रत्याशी बनाया था, जिन पर महापौर रहते ही अक्षमता के आरोप लगे थे। यही वजह रही कि भाजपा को उस चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा। लेकिन इस बार गजेन्द्र यादव के रूप में नया चेहरा उतारने से नतीजे किसी भी करवट बैठ सकते हैं।

### वोरा परिवार का शहर से पारिवारिक रिश्ता

गौरतलब है कि उस दौरान प्रत्याशी चयन भी नहीं हुआ था किंतु पूरे विश्वास के साथ गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने वोरा के लिए वोट मांगा। अरुण वोरा ने प्रचार के दौरान कहा कि शहर वासियों से पारिवारिक व भावनात्मक रिश्ता विरोधियों के दुष्प्रचार से कभी खत्म नहीं हो सकता। मतदाताओं को भगवान मान कर शहर के हर व्यक्ति की अंतिम सांस तक सेवा करने का संकल्प व जनकल्याण ही उनके संस्कार हैं। जिस तरह बाबूजी ने अनेकों राजनेताओं को जनसेवा की प्रेरणा दी उसी प्रेरणा व सेवा भाव को अपना आधार बना कर वे दुर्ग की सेवा करते रहेंगे। इस दौरान सैकड़ों वार्ड वासी व कांग्रेसजन मौजूद थे।

# सेटेलाइट लांच व्हीकल में ओंगन तेल

श्रीकंचनपथ




छत्तीसगढ़ के गंवई-गांव के लैका-बच्चा-सियान सभी ओंगन तेल के बारे में जानते हैं। नहीं जानते तो केवल यह कि अंग्रेजी में इसका एक मतलब ल्यूब्रिकेंट भी होता है। अब तक ओंगन तेल का उपयोग बैलगाड़ी-गाड़ा के पहियों में ही डाला जाता था। इसके लिए अरण्डी का तेल, जला हुआ तेल, कोई भी ऐसा सस्ता तेल जो गाढ़ा हो और जिसमें चिकनाई हो, उसका उपयोग किया जाता है। अब भाजपा ने घोषणा की है कि अगर छत्तीसगढ़ में उनकी सरकार बनी तो यहां तकनीकी शिक्षा छत्तीसगढ़ी में होगी। अर्थात बच्चा स्कूल कालेज में भी उसी भाषा में पढ़ाई करेगा जिसमें वह गांव-घर में बातचीत करता है। एक ऐसी ही योजना गुजरात में शुरू की गई थी। वहां गुजराती में तकनीकी शिक्षा दो साल पहले प्रारंभ की गई। इसके लिए सीटें भी आरक्षित की गईं पर पिछले 2 सालों में किसी ने प्रवेश नहीं लिया। गुजरात पावर इंजीनियरिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट ने केंद्र सरकार के दबाव के बाद 2022-23 से सभी चार इंजीनियरिंग स्नातक पाठ्यक्रमों में 30 गुजराती माध्यम सीट अलग रखी थी। लेकिन किसी ने प्रवेश नहीं लिया। केन्द्र के निर्देश पर 2021 में एआइसीटीई ने हिंदी सहित आठ भारतीय भाषाओं में इंजीनियरिंग की पढ़ाई को मंजूरी दे थी। इनमें हिंदी के अलावा मराठी, बंगला, तेलुगु, तमिल, गुजराती, कन्नड़ और मलयालम शामिल थे। अकेले हिन्दी में 116 छात्रों ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना स्वीकार किया। केन्द्र को समझना होगा कि हर काम डंडे के जोर पर नहीं होता। लोग आपके अंधे भक्त हो सकते हैं पर वे वास्तव में अंधे नहीं हैं। उन्हें पता है कि 24 लाख का पैकेज चाहिए तो उसकी तैयारी किस तरह करनी है। कितनी भाषाएं सीखनी हैं। उनके सामने सैकड़ों ऐसे हिन्दी या दीगर माध्यम के विद्यार्थियों के उदाहरण हैं जिन्होंने इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई के दौरान ही अंग्रेजी भाषा पर दखल हासिल किया। बहुत से विद्यार्थी यूजी और पीजी स्तर की पढ़ाई के दौरान अंग्रेजी सीख लेते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को रोजगार के लिए तैयार करने विद्यार्थी अंग्रेजी के अलावा फ्रेंच, स्पैनिश, रशियन, यहां तक कि मंदारिन (चीन की भाषा) भी सीखते देखे जा सकते हैं। पांच साल में 10-20 दिनों के लिए झंडा लेकर दौड़ लगाना एक बात है और पूरी जिन्दगी दरी बिछाने और पोस्टर चिपकाने के लिए तैयार रहना दूसरी बात। अक्ल के अंधों को भी पता होता है कि कार्यकर्ता कभी नेता नहीं बनता। यहां वरिष्ठता और निष्ठा काम नहीं आती। लोग नेताओं की सेवा करते-करते बूढ़े हो जाते हैं। इसलिए विद्यार्थी अब राजनीति में रुचि नहीं लेता। वह अपने भविष्य को लेकर चिंतित भी है और इसके लिए खुद को तैयार भी करता रहता है। जहां मौका मिले, हाथ-पैर मार लेता है। डिग्री कालेज का विद्यार्थी भी अब रोजगार, स्वरोजगार के लिए तैयार है। वह नौकरी का कोई भी मौका हाथ से जाने नहीं देता। उसे पता है कि भाषा का करियर से क्या संबंध है।




## संपादकीय

### भ्रष्टाचार के खिलाफ

जब हम प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों को देश भर में अनेक जगहों पर भ्रष्टाचार के खिलाफनिरंतर सक्रिय देख रहे हैं, तब किसी ईडी अधिकारी का रिश्वत लेते पकड़े जाना बहुत निराश करता है। अलबत्ता, राजस्थान में ईडी के एक अधिकारी व उसके सहयोगी की गिरफ्तारी जरूरी व स्वागतयोग्य है। किसी भी व्यवस्था में भ्रष्ट लोगों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। राजस्थान के नीमराणा में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने ईडी के अधिकारी को 15 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़कर भ्रष्टाचार के खिलाफ एक नया अध्याय लिख दिया है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए ज्यादा जरूरी है, जांच एजेंसियों का पाक दामन होना। यह ईडी अधिकारी मणिपुर के इंफाल में तैनात था और वहां चिटफंड कंपनी के मामले की जांच कर रहा था। दोषियों या पीड़ितों को बचाने के लिए वह पैसे मांग रहा था। रिश्वत मांगने में राजस्थान सरकार का एक कर्मचारी भी शामिल था, उसको भी गिरफ्तार कर लिया गया है। भ्रष्टाचार का यह पहलू भी नया नहीं है कि मणिपुर के मामले को राजस्थान में रफा-दफा करने की साजिश रची जा रही थी।

> पुलिस की बात करें, तो उस पर ऐसे आरोपों को गिनते हुए कोई भी थक जाएगा। वास्तव में, भ्रष्टाचार समग्रता में एक बड़ी चिंता का विषय है। ऐसे में, जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार की पैठ को पहले खत्म करना देश के तेज व न्यायपूर्ण विकास के लिए बहुत जरूरी है। यह सवाल बहुत पुराना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ हमें कैसे लड़ना चाहिए?

जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार के अनेक मामले हैं, जिनसे आम लोगों की चिंता में इजाफा होता है और सरकार के प्रति अविश्वास भी बढ़ता है। अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, जब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पांच करोड़ रुपये के भुगतान मामले में ईडी के एक सहायक निदेशक के खिलाफ मामला दर्ज किया था। यह अफसोसनाक है कि सीबीआई भी दूध की धुली नहीं है। कुछ समय पहले ही असम पुलिस ने एक सीबीआई अधिकारी को गिरफ्तार किया था, यह अधिकारी एक व्यापारी से पैसे वसूलने की साजिश में जुटा था। और तो और, पिछले साल मई में स्वयं सीबीआई ने अपने ही चार सब-इंस्पेक्टरों को रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस की बात करें, तो उस पर ऐसे आरोपों को गिनते हुए कोई भी थक जाएगा। वास्तव में, भ्रष्टाचार समग्रता में एक बड़ी चिंता का विषय है। ऐसे में, जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार की पैठ को पहले खत्म करना देश के तेज व न्यायपूर्ण विकास के लिए बहुत जरूरी है। यह सवाल बहुत पुराना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ हमें कैसे लड़ना चाहिए? इसका एक ही उपाय है और वह हमारी व्यवस्था के तहत ही किया गया है। जांच एजेंसियों को जहां एक ओर, बाहर व्याप्त भ्रष्टाचार से लड़ना है, वहीं उन्हें अपने आंतरिक कमियों से भी निपटना होगा। जैसे ईडी के नाकारा अधिकारी को एसीबी ने पकड़ा है, जैसे एसीबी के धोखेबाज अधिकारियों को पुलिस या सीबीआई पकड़ती है, जैसे सीबीआई के भ्रष्ट अफसरों को स्वयं सीबीआई हथकड़ी पहनाती है, इस सुधार या सतर्क प्रक्रिया को तेज करने की जरूरत है। आखिर लोहा ही लोहे को काटता है। एजेंसियों को अपनी शुचिता, ईमानदारी, विश्वसनीयता बरकरार रखनी चाहिए। उन्हें कोई राजनीतिक कोण से न देखे, उनका कोई दुरुपयोग न करे, यह सुनिश्चित करने का काम भी स्वयं एजेंसियों का है। जांच एजेंसियों को नैतिकता के मजबूत चबूतरे पर पांव रखकर काम करना चाहिए। राजस्थान की ही अगर बात करें, तो चुनाव से पहले वहां ईडी की बढ़ी सक्रियता को गहलोत सरकार ने राजनीतिक प्रतिशोध बताया है। विभिन्न विपक्षी दलों के नेता भी लगातार आरोप लगा रहे हैं कि एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है। हमारी एजेंसियों को ऐसी आशंकाओं को मजबूत नहीं होने देना चाहिए।

## खतरा बढ़ा या घटा?

चूंकि मामला लोगों की जिंदगी और सेहत से जुड़ा है, इसलिए इस पर समाज में बहस खड़ी हो जाना उचित ही है। बहस की पृष्ठभूमि नवरात्रि के दौरान गुजरात में गरबा के दौरान हार्ट अटैक होने की कई घटनाएं रोशनी में आने से बनी। खबरों में बताया गया कि इस वर्ष गरबा के दौरान 473 लोगों को दिल के दौरे पड़े, जिनमें से अनेक की मौत हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने इन दुखद घटनाओं का संबंध कोरोना संक्रमण से बताया। उन्होंने आईसीएमआर का हवाला देते हुए कहा कि जिन लोगों को गंभीर कोविड संक्रमण का शिकार हुए अभी ज्यादा वक्त ना गुजरा हो, उन्हें ज्यादा शारीरिक मेहनत नहीं करनी चाहिए। ऐसे लोगों को तेज दौड़ने या श्रमसाध्य व्यायाम से बचना चाहिए। गौरतलब है कि दुनिया में कोविड महामारी के बाद दिल का दौरा पड़ने के मामलों में उछाल आया है। बहुत से विशेषज्ञ इसकी वजह कोविड वैक्सीन को बताते हैं। आरोप है कि जल्दबाजी में कंपनियों ने वैक्सीन की सुरक्षा संबंधी पूरी जांच नहीं की, जिसके दीर्घकालिक साइड इफेक्ट्स अब लोगों को भुगतने पड़ रहे हैं।

हालांकि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने अपनी शोध रिपोर्ट में वैक्सीन का बचाव किया है। उसने कहा है कि कोरोना के टीके से युवाओं में अचानक मौत का खतरा नहीं बढ़ा है, बल्कि वैक्सीन के प्रभाव से ऐसा खतरा घटा है। चूंकि हार्ट अटैक से युवाओं की मौत के मामले भारत में भी बढ़े हैं, इसलिए आईसीएमआर ने यह अध्ययन किया था। उसकी रिपोर्ट में कहा गया कि जिन लोगों को गंभीर संक्रमण का सामना करना पड़ा है, उन्हें एक या दो साल तक अत्यधिक परिश्रम नहीं करना चाहिए। यह शोध रिपोर्ट अभी तक कहीं प्रकाशित नहीं हुई है। लेकिन स्वास्थ्य मंत्री ने इसका सार्वजनिक रूप से हवाला दे दिया। इसीलिए इस पर विवाद खड़ा हुआ है। खुद आईसीएमआर की रिपोर्ट के मुताबिक कोविड-19 के बाद दिल के मरीजों में 14 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। अगर इसकी वजह सिर्फ संक्रमण का दीर्घकालिक प्रभाव है, तो फिर वैक्सीन से खतरा घटा, ऐसा कहने का क्या आधार बनता है, इसे भी आईसीएमआर को स्पष्ट करना चाहिए।

## तेलंगाना में कांग्रेस की रणनीति के खतरे

कांग्रेस पार्टी ने तेलंगाना में एक रणनीति अपनाई है, जिसके तहत पार्टी के छोटे से बड़े सारे नेता मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की पार्टी को भाजपा की बी टीम बता रहे हैं। पिछले छह महीने में भाजपा ने जिस तरह से राजनीति की उससे भी यह नैरेटिव सेट हुआ। भाजपा ने छह महीने पहले ही अपना प्रचार पीक पर पहुंचा दिया और उसके बाद पीछे हट गई। उसके बाद से कांग्रेस ने चंद्रशेखर राव की पार्टी बीआरएस को भाजपा रिश्तेदार पार्टी कहना शुरू कर दिया। इस रणनीति के कुछ फायदे हैं तो बड़ा नुकसान भी संभव है। बीआरएस और भाजपा को एक जैसा बताने या एक सिक्के के दो पहलू बताने का कांग्रेस को लाभ यह है कि मुस्लिम वोट बीआरएस से टूट सकता है। लेकिन इसका नुकसान भी है। कांग्रेस के ही नेता मान रहे हैं कि बीआरएस और भाजपा को एक बताने का प्रचार ज्यादा हुआ तो मुस्लिम वोट में कांग्रेस को जितना लाभ मिलेगा उतना ही नुकसान हिंदू वोट का हो सकता है। कांग्रेस के एक जानकार नेता का आकलन है कि बीआरएस से टूट कर जो हिंदू वोट भाजपा में जा सकता था उसका टूटना रूक जाएगा और संभव है कि वह बीआरएस के साथ बना रहे। यह भी संभव है कि मुस्लिम वोट का रूझान कांग्रेस की ओर दिखने पर हिंदू वोट का ध्रुवीकरण बीआरएस के साथ हो जाए। इसलिए यह रणनीति तलवार की धार पर चलने जैसा है। कांग्रेस को सोच विचार कर इस रणनीति को आगे बढ़ाना चाहिए। राज्य में आखिरी चरण में 30 नवंबर को मतदान है। उससे पहले पार्टी अगर इसमें बदलाव करती है तो उसके लिए बेहतर होगा।

> फोन सुरक्षा से जुड़ा मुख्य प्रश्न जवाबदेही को लेकर है। किसी व्यक्ति को डाटा उल्लंघन के लिए किसे जिम्मेदार ठहराना चाहिए? उपकरण निर्माता, सेवा प्रदाता, ऐप निर्माता या सूचना डाटाबेस प्रबंधक? जहां सरकारी सेवाओं के लिए व्यक्तिगत पहचान बैंक, डिजिटल वॉलेट, हवाई अड्डा प्रवेश सेवाओं, कर पोर्टल, स्वास्थ्य बीमा से जुड़ी होती है, वहां सुरक्षा के प्रश्न और बड़े हो जाते हैं।

# मोबाइल फोन की सुरक्षा में लगातार सेंध

प्रांजल शर्मा, डिजिटल नीति विशेषज्ञ

दुनिया में आज इंसानों की आबादी से भी ज्यादा मोबाइल फोन कनेक्शन हैं। उनमें से हर फोन को उसी तरह सुरक्षा कवच की जरूरत होती है, जैसे कोई मजबूत संस्थान या उपक्रम अपने कम्प्यूटर और डिजिटल सिस्टम को प्रदान करता है। मोबाइल फोन व डिजिटल तंत्र को पुख्ता सुरक्षा की जरूरत है, पर क्या यह संभव हो पा रहा है? दुनिया में सुरक्षित समझे जाने वाले एप्पल फोन की टेपिंग और सुरक्षा को लेकर विवाद उठा है। दरअसल, अभी कोई ऐसा सिस्टम नहीं है, जिसमें सेंध को पूरी तरह असंभव माना जाए। कुल मिलाकर, एप्पल जैसे विशेष फोन के ग्राहकों तक यह बात पहुंची है कि उनका फोन भी हैकिंग, टेपिंग से सुरक्षित नहीं है।

दरअसल, हम ऐसे विवादों के दौर में जी रहे हैं, जिनमें समय के साथ ऐसे विवाद सामान्य होते चले जाएंगे। डिजिटल विस्तार के साथ ही मोबाइल फोन की दुनिया भी तेजी से बढ़ रही है। जीएसएमए इंटेलिजेंस की नवीनतम सूचना आज दुनिया भर में 5.60 अरब मोबाइल ग्राहकों की ओर इशारा कर रही है, जो कुल जनसंख्या का 69.4 प्रतिशत के बराबर हैं। 14.50 करोड़ नए उपयोगकर्ताओं के जुड़ने के साथ, पिछले वर्ष मोबाइल फोन अपनाने वालों की संख्या में 2.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। इंटरनेट उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पिछले वर्ष में 3.7 प्रतिशत बढ़ा है और अक्टूबर 2023 तक 5.30 अरब तक पहुंच गया है। यह आंकड़ा दुनिया की आबादी के 65.7 प्रतिशत के बराबर है, हालांकि, ऐसे आंकड़े देर से मिलते हैं, अत: वास्तविक इंटरनेट पहुंच इन आंकड़ों से कहीं अधिक होने की संभावना है।



अगले कुछ वर्षों में मोबाइल उपयोगकर्ताओं की आबादी लगातार बढ़ने वाली है। नए-नए उपयोगकर्ता जुड़ते चले जाएंगे। दुनिया के डिजिटलीकरण को अब थामना मुश्किल है, ऐसे में, डिजिटल उपकरण की सुरक्षा की चिंता भी बढ़ती चली जाएगी। एक विशेषज्ञ को जितनी मोबाइल फोन सुरक्षा की जरूरत है, उतनी ही सुरक्षा की जरूरत एक आम उपभोक्ता को भी है। यह बात छिपी नहीं है कि बहुत अनुभवी मोबाइल उपयोगकर्ताओं को भी धोखा दिया जा सकता है। ऐसी-ऐसी धोखाधड़ी की जाती है कि मोबाइल के नए उपयोगकर्ताओं को सूचित, शिक्षित करने और उनकी सुरक्षा करने की जरूरत वैश्विक अनिवार्यता बन जाती है। जीवन के सामान्य क्रम में लोग अपने वित्त, स्वास्थ्य, निवास, यात्रा और गतिविधि के बारे में बिना जान-समझे भी दूसरों से सूचना साझा करते रहते हैं। मोबाइल फोन इसे रिकॉर्ड करता है और विभिन्न ऐप के साथ साझा करता है, जब तक कि कोई सुरक्षा सेटिंग्स लागू नहीं हो जाती है। वैसे सुरक्षा सेटिंग्स के बावजूद एक मोबाइल उपकरण कई प्रकार के हमलों और हैकिंग के निशाने पर रहता है।

फोन सुरक्षा से जुड़ा मुख्य प्रश्न जवाबदेही को लेकर है। किसी व्यक्ति को डाटा उल्लंघन के लिए किसे जिम्मेदार ठहराना चाहिए? उपकरण निर्माता, सेवा प्रदाता, ऐप निर्माता या सूचना डाटाबेस प्रबंधक? जहां सरकारी सेवाओं के लिए व्यक्तिगत पहचान बैंक, डिजिटल वॉलेट, हवाई अड्डा प्रवेश सेवाओं, कर पोर्टल, स्वास्थ्य बीमा से जुड़ी होती है, वहां सुरक्षा के प्रश्न और बड़े हो जाते हैं। भारत डाटा सुरक्षा कानून लागू कर रहा है, पर सुरक्षा प्रदान करने की चुनौतियां कानून से परे हैं। भारत को उपभोक्ताओं और नागरिकों की सुरक्षा के लिए लगातार विकसित हो रही साइबर सुरक्षा तकनीक की जरूरत होगी। विभिन्न संस्थानों में रखे जाने वाले हर श्रेणी के डाटा के लिए स्पष्ट जवाबदेही तय करनी पड़ेगी।

2023 में विश्व आर्थिक मंच ने पहली बार साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा को दो वर्ष और 10 वर्ष की अवधि में शीर्ष दस वैश्विक जोखिमों में से एक के रूप में स्थान दिया है। स्टेटिस्टा के साइबर सुरक्षा आउटलुक के अनुमान के अनुसार, साइबर अपराध की वैश्विक लागत अगले पांच वर्षों में बहुत बढ़ जाएगी। साल 2022 के 8.44 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर साल 2027 तक 23.84 ट्रिलियन डॉलर तक हो जाएगी। मतलब, भारतीय मुद्रा में देखें, तो दुनिया में 1992 लाख करोड़ रुपये साइबर अपराध की भेंट चढ़ जाएंगे।

आखिर बचने का उपाय क्या है? मोबाइल उद्योग निकाय जीएसएमए का कहना है कि 5जी नेटवर्क अधिक सुरक्षित है। 5जी ने आज के 4जी/3जी/2जी नेटवर्क में आने वाले कई खतरों से निपटने के लिए सुरक्षा नियंत्रण डिजाइन किया है। 5जी में उन्नत ग्राहक पहचान सुरक्षा और अतिरिक्त सुरक्षा तंत्र शामिल हैं। जीएसएमए के आकलन में कहा गया है कि 5जी मोबाइल उद्योग को नेटवर्क और सेवा सुरक्षा स्तर को ऊपर उठाने का एक अभूतपूर्व अवसर प्रदान करता है। हालांकि, यह आकलन भी इस बात से सहमत है कि कई चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। 5जी ज्ञात खतरों के प्रभाव को सीमित करने के उपाय करता है, पर नई नेटवर्क प्रौद्योगिकियों को अपनाने से उद्योग के प्रबंधन के लिए संभावित नए खतरे सामने आते हैं। भारत और विश्व स्तर पर एप्पल फोन को हैक करने के प्रयासों की हालिया रिपोर्टें हर किसी के लिए अपनी व्यक्तिगत मोबाइल फोन सुरक्षा में सुधार करने की याद दिलाती हैं। कोई भी मोबाइल निर्माता यह नहीं कह सकता कि उसका उपकरण पूरी तरह सुरक्षित है। कुछ हद तक जिम्मेदारी लोगों पर भी है। उन्हें उन ऐप के बारे में सावधान रहना होगा, जिन्हें वे डाउनलोड करते हैं और जिन लिंक पर वे क्लिक करते हैं। जागरूकता बढ़ने के बावजूद ओटीपी या पासवर्ड साझा करना अभी भी एक बड़ी समस्या है। आमतौर पर यदि लोगों के एप्पल फोन को निशाना बनाया जा रहा है, एप्पल उन्हें अलर्ट भेजने का प्रयास करता है। भारत में ताजा मामले में कई अलर्ट भेजे गए। साइबर सुरक्षा के लिए सरकारी एजेंसी (सीईआरटी-इन) ने भी अक्टूबर में अलर्ट भेजा था। अब सीईआरटी-इन ने अपने दिशा-निर्देशों में कहा है कि एप्पल उत्पादों में कई कमजोरियां हैं, जो एक हमलावर को संवेदनशील जानकारी तक पहुंचने, मनमाना कोड बनाने, सुरक्षा उपायों को पार करने की अनुमति दे सकती हैं।

नियामक दृष्टिकोण से नीति निर्माताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि लोगों की सूचनाओं को सुरक्षित रूप से सहेजा जाए। निजी क्षेत्र की जो कंपनियां हार्डवेयर बनाती हैं या जो ऐप आधारित या ऑनलाइन सेवाएं देती हैं, वे भी हमारा डाटा संग्रहीत करती हैं। उन्हें डाटा सुरक्षा के लिए जवाबदेह बनाना होगा। यह हैकर्स और अपराधियों के खिलाफ एक सतत लड़ाई है। अब कोई भी इसके बारे में लापरवाही नहीं बरत सकता।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# जिंदगी लेने की नहीं, बचाने की रणनीति बननी चाहिए

रघु रमन, फेलो, ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन

अक्टूबर, 1962 में यह धरती विनाश के बहुत करीब पहुंच गई थी, जब उस वक्त की दो महाशक्तियां- अमेरिका और सोवियत संघ (अब रूस) एक-दूसरे पर परमाणु हमले करने को तैयार हो गई थीं। वैसे तो, शीत युद्ध दूसरे विश्व युद्ध के तुरंत बाद शुरू हो गया था, पर 1962 में यह चरम पर था। बर्लिन संकट (जिसके कारण बर्लिन की दीवार खड़ी की गई) सहित कई टकरावों ने इसे विस्फोटक बना दिया था। उस वक्त अमेरिका में केनेडी प्रशासन को पता चला कि तुर्की में अमेरिकी मिसाइलों की तैनाती की प्रतिक्रिया में सोवियत संघ भी क्यूबा के पिछले हिस्से में परमाणु मिसाइलें तैनात कर रहा है।

इस तथ्य ने अमेरिका की नाराजगी बढ़ा दी थी कि सोवितय संघ मिनटों में हर प्रमुख अमेरिकी शहर को खत्म करने में सक्षम हो गया है, इसीलिए केनेडी ने क्यूबा की पूर्ण नाकेबंदी का आदेश दिया। तनाव बढ़ने पर सोवियत संघ ने क्यूबा की तरफ चार पनडुब्बियां भेज दीं। ये पनडुब्बियां परमाणु मिसाइलों से लैस थीं और खुद हमले करने को स्वतंत्र थीं। इसका सीधा सा अर्थ था कि पनडुब्बी टास्क फोर्स के कप्तान, पॉलिटिकल ऑफिसर व एग्जीक्यूटिव ऑफिसर मॉस्को की अनुमति के बिना आपसी सहमति से परमाणु मिसाइल दाग सकते थे। ऐसी व्यवस्था इसलिए जरूरी मानी जाती है, क्योंकि अगर दुश्मन देश के हमले से संचार-संपर्क टूट जाएं, तब भी उस पर जवाबी हमले किए जा सकें। अमेरिकी निगरानी प्रणाली को इसकी भनक लग गई और अमेरिकी नौसेना ने गहरे जल में विस्फोट करने वाले 'डेप्थ चार्ज' गिराने शुरू कर दिए। इनसे निकलने वाली घातक तरंगें रूसी पनडुब्बियों को ऊपर आने के लिए मजबूर कर सकती थीं। तब तक उनका मॉस्को से संपर्क टूट चुका था।



ऐसे निर्णायक मौके पर, जब सोवियत पनडुब्बियों के चारों ओर विस्फोट हो रहे थे, उनकी बैटरियां खत्म होने को थीं और ऊपर आने के सिवा उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं बचा था, कैप्टन वैलेंटिन सावित्स्की ने एक परमाणु टारपीडो लॉन्च करने का फैसला किया। पॉलिटिकल ऑफिसर इवान मास्लेनिकोव इससे सहमत हो गए, पर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर वैसिली आर्किपोव ने असहमति जताई, तो उनमें बहस छिड़ गई। काफी तीखी नोकझोंक के बाद आखिरकार आर्किपोव अपने कप्तान को इस बात के लिए राजी करने में सफल हो गए कि पनडुब्बियों को ऊपर लेना चाहिए और मॉस्को से संपर्क का प्रयास करना चाहिए। आखिर अमेरिकी नौसेना से घिरी सोवियत पनडुब्बियां सतह पर आईं। उन्होंने एक अमेरिकी युद्धपोत की मदद से अपने मुख्यालय से संपर्क साधा और वापस लौटने का फैसला किया। अमेरिका के तत्कालीन रक्षा मंत्री रॉबर्ट मैकनामारा ने बाद में माना कि यह मानव इतिहास का सबसे खतरनाक क्षण था। परमाणु युद्ध एक ऐसे व्यक्ति के कारण टल गया, जो ठंडे दिमाग वाला था और अपने साथी अधिकारियों व खुद अपने भय से लोहा ले रहा था। आज हम आर्किपोव के कारण ही जिंदा हैं।

युद्ध के धुंधलके में कोईभी फैसला लेना बहुत मुश्किल होता है। राजनेता सिर्फ दुश्मनों से नहीं लड़ते, वे घरेलू जनमत से भी जूझते हैं। इजरायली नेतृत्व को हमास के हमले की पूर्व-सूचना न होने या उसे न रोक पाने की विफलता के लिए बहुत कुछ जवाब देना है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू भले ही हमास का समूल नाश कर दें, पर इसकी संभावना नहीं है कि उसे खत्म करने के बाद भी वह सत्ता में बने रहेंगे। गाजा पर इजरायल का जमीनी हमला न सिर्फ जोखिम भरा है, बल्कि कई अन्य आतंकी संगठनों द्वारा इस जंग में शामिल होने के लिए खींची गई लाल रेखा का उल्लंघन भी है और1962 की तरह इस युद्ध क्षेत्र में अमेरिकी बेड़ा भी है, और ईरान व अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक शक्तियां परमाणु तनाव का खेल भी खेल रही हैं।

हमारी दुनिया वाकई अजीब है। यहां उन जनरलों या योद्धाओं के नाम पर तो शहर, इमारतें, स्मारक आपको दिख जाएंगे, जिन्होंने कई युद्ध लड़े, मगर आर्किपोव जैसे महानायक हाशिये पर धकेल दिए जाते हैं। हम युद्ध के वीरों की तो प्रशंसा करते हैं, पर उन लोगों के साहस को कम आंकते हैं, जो जंग रोकने का प्रयास करते हैं, जबकि हमें लोगों की जान बचाने के लिए जरूरी धैर्य, संकल्प और राजनीतिक कौशल की दरकार है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# आरक्षण की आग में जलता महाराष्ट्र

अजीत द्विवेदी

लोकसभा चुनावों से पहले महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की आग लगी है। मराठा नेता मरोज जरांगे पाटिल शुक्रवार यानी 27 अक्टूबर से भूख हड़ताल पर हैं। इससे पहले भी वे 40 दिन तक भूख हड़ताल पर थे और सरकार के आश्वासन के बाद उन्होंने आंदोलन खत्म कर दिया था। उस समय आंदोलन मोटे तौर पर शांतिपूर्ण रहा था। लेकिन आरक्षण आंदोलन का दूसरा चरण बेहद हिंसक हो गया है। मंगलवार यानी 31 अक्टूबर को एक दिन में नौ लोगों ने आरक्षण के समर्थन में आत्महत्या की। पिछले दो हफ्ते में 26 लोग आत्महत्या कर चुके हैं। इससे पहले 1990 में मंडल आयोग की सिफारिश लागू करने के खिलाफ हुए आंदोलन में ही इससे ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। इस लिहाज से यह सबसे भयावह और हिंसक आरक्षण आंदोलन बन गया है। इस आंदोलन के कई पहलू हैं और सबको समझे बगैर न तो इसको पूर्णता में समझा जा सकता है और न इसके राजनीतिक असर का अंदाजा लगाया जा सकता है।

ध्यान रहे यह आंदोलन सामाजिक व आर्थिक रूप से राज्य की सबसे मजबूत जाति कर रही है। इस लिहाज से इसकी तुलना गुजरात के पाटीदार अनामत आंदोलन से कर सकते हैं, जिससे हार्दिक पटेल नेता बन कर उभरे थे। उस समय तक हार्दिक एक अनाम चेहरा थे, जैसे कुछ समय पहले तक मनोज जरांगे पाटिल थे। हरियाणा में जाटों को आरक्षण देने का आंदोलन हो या राजस्थान में गुर्जरों को एसटी में शामिल करने का आंदोलन हो। ये सब एक किस्म के आंदोलन है, जिसमें राज्यों की सबसे मजबूत जातियां शामिल हुईं। अगर इन जातियों की आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक स्थिति को बारीकी से देखें तो इनकी स्थिति पिछड़ेपन वाली नहीं है। संविधान निर्माण के समय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की जैसी स्थिति थी या मंडल आयोग का गठन करते समय जैसी स्थिति व्यापक पिछड़े समाज की थी उससे बेहतर स्थिति मौजूदा समय में इन जातियों की है। आर्थिक स्थिति को अगर दरकिनार करें तो सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ापन अपेक्षाकृत कम है। इसलिए मोटे तौर मराठा, पाटीदार, जाट और गुर्जर का आंदोलन राजनीतिक रहा है।




इसी वजह से महाराष्ट्र के मराठा आरक्षण आंदोलन को राजनीतिक नजरिए से देखने की जरूरत है। यह विडम्बना है कि अरसे पहले कुनबी जाति के लोग ओबीसी की श्रेणी से बाहर हुए थे। वे पिछड़ा श्रेणी से बाहर निकल कर खुश हुए थे और ऐसा अलग अलग राज्यों में कई जातियों के साथ हुआ था। समाजशास्त्री इसे संस्कृतिकरण की प्रक्रिया बताते थे। इसका मतलब हर पिछड़ी जाति में श्रेष्ठ होने का भाव होना है। लेकिन अब समय का चक्र ऐसा घूम रहा है कि हर जाति पिछड़ी या अनुसूचित जाति, जनजाति में शामिल होना चाहती है। संस्कृतिकरण की प्रक्रिया उलटी चल रही है। इसी प्रक्रिया के तहत मराठा समुदाय कुनबी बनना चाहता है। गौरतलब है कि कुनबी महाराष्ट्र की एक पिछड़ी जाति है। मराठा आरक्षण का आंदोलन कर रहे नेता चाहते हैं कि सभी मराठों को कुनबी का सर्टिफिकेट दिया जाए, जबकि राज्य सरकार कह चुकी है कि सबको कुनबी का सर्टिफिकेट देना मुश्किल है। इस बारे में कहा गया था कि हैदराबाद के निजाम के राज में जिन लोगों के पास कुनबी का सर्टिफिकेट था उनको कुनबी मान लिया जाएगा। लेकिन ऐसे लोगों की संख्या बहुत कम है। तभी मनोज जरांगे बिना किसी शर्त के सभी मराठों को कुनबी में शामिल करना चाहते हैं।

इस मांग की वजह से यह पूरा विवाद मराठ बनाम ओबीसी में तब्दील हो गया है। राज्य में ओबीसी आरक्षण 19 फीसदी है और ओबीसी जातियों के संघों का मानना है कि अगर मराठों को कुनबी बना दिया जाता है तो ओबीसी के 19 फीसदी आरक्षण में से ही उनको भी हिस्सा मिलेगा। चूंकि मराठे सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से ज्यादा संपन्न हैं इसलिए वे आरक्षण का ज्यादा लाभ ले जाएंगे। इस आधार पर ओबीसी महासंघ मराठों को कुनबी का सर्टिफिकेट दिए जाने का विरोध कर रहा है। एक अनुमान के मुताबिक महाराष्ट्र में ओबीसी और मराठा वोट लगभग बराबर है। इसलिए कोई भी पार्टी एक समूह को आकर्षित करने के लिए दूसरे समूह को नाराज नहीं कर सकती है। ध्यान रहे भाजपा ने अपनी शुरुआती राजनीति में ओबीसी को ज्यादा तरजीह दी थी। उसके ज्यादातर नेता या तो ब्राह्मण थे या पिछड़ी जाति के थे। अपनी इस कमजोरी की वजह से ही भाजपा ने एनसीपी के अजित पवार को इतनी तरजीह दी। उसे उम्मीद थी कि अजित पवार की वजह से मराठा वोट उसके साथ जुड़ेगा। लेकिन उससे पहले ही यह नया विवाद शुरू हो गया।

यह विवाद जल्दी नहीं सुलझने वाला है। राज्य की राजनीति पर इसका बड़ा असर होगा। इस समय जो हालात बन गए हैं उसे देखते हुए यह नहीं कहा जा सकता है कि किसी खास पार्टी को इसका फायदा होगा या किसी खास पार्टी को इसका नुकसान होगा। उलटे महाराष्ट्र की राजनीति और विभाजित हो सकती है। राज्य की दो बड़ी प्रादेशिक पार्टियां- शिव सेना और एनसीपी में विभाजन हो गया है और एक तरह से इन दो की चार पार्टियां बन गई हैं। इन चार के अलावा भाजपा और कांग्रेस दो बड़ी पार्टियां हैं। ये छह पार्टियां ओबीसी या मराठा का पक्ष लेकर राजनीति नहीं कर सकती हैं। इनको दोनों के बीच संतुलन बनाना होगा। भाजपा और कांग्रेस के लिए ज्यादा दुविधा है क्योंकि दोनों महाराष्ट्र के बाहर बाकी राज्यों में ओबीसी वोट हासिल करने की जी-तोड़ मेहनत कर रही हैं। तभी इस बात की भी संभावना है कि जाति आधारित नई पार्टियां बनें, जैसे बिहार, उत्तर प्रदेश या तमिलनाडु आदि राज्यों में बनी हैं। इससे राजनीति और अस्थिरता की ओर बढ़ेगी।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### विशेष सावधानी एवं सतर्कता के साथ निर्वाचन कार्यों का संपादन करें - प्रेक्षक मीणा

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए निर्वाचन कार्य के संबंध में आज शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक पी.सी. मीणा ने प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस अवसर पर कलेक्टर आकाश छिकारा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल भी उपस्थित थे। प्रेक्षक मीणा ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आपसी तालमेल एवं सतर्कता से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा ट्रेनिंग में मतदान प्रक्रिया के साथ ही ईवीएम और वीवीपैट मशीन को तैयार करने एवं अन्य बातों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्व और जिम्मेदारियों के बारे में भी बताया। प्रशिक्षण में उनके द्वारा बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्हीव्हीपैट के संचालन करने के साथ ही प्रत्येक मशीनों को एक दूसरे से केबल कनेक्शनों से कनेक्ट करना, एड्रेस टैग लगाना, पिंक पेपर सील करना, पेपर रोल, मतदान पत्र लगाना, लॉक करना, सील करना, मॉक पोल, विभिन्न प्रपत्रों सहित अन्य गतिविधियों से विस्तार से अवगत कराया गया। इसके उपरांत मतदान कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को डिजिटल प्रश्न पत्र हल करने के लिए उपलब्ध कराया गया। इस दौरान 01 से लेकर 160 दल क्रमांक तक के 663 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

### निर्वाचन के सामान्य एवं व्यय प्रेक्षक ने किया मतदान केन्द्रों और सी-विजिल का अवलोकन

**नारायणपुर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-84 नारायणपुर (अजजा) के सामान्य प्रेक्षक निरंजन कुमार सुधांशु, व्यय प्रेक्षक सुवेनदास गुप्ता द्वारा मतदान केन्द्र बंगलापारा, बालक प्राथमिक शाला, स्वामी आत्मानंद प्राथमिक शाला बखरूपारा और महावीर चौक के पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला के मतदान केन्द्रों और सी-विजिल सेल का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान छाया पानी और शौचालय की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए मतदान दिवस मे सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कराने के निर्देश दिये। मतदान केन्द्र बंगलापारा में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के मतदान केन्द्रों मे 716 मतदाता मतदान करेंगे। प्रेक्षकों ने वेबकास्टिंग के लिए लगाई गई सीसीटीव्ही कैमरा का अवलोकन करते हुए पूर्ण तैयारी दूरूस्त करने के निर्देश रिटर्निंग आफिसर को दिये। इन मतदान केन्द्रों में उपस्थित शिक्षकों से जानकारी लेते हुए मतदान प्रक्रिया में सहयोग करने के निर्देश दिये। स्वामी आत्मानंद उत्कृश्ट विद्यालय बखरूपारा स्कूल के मतदान केन्द्र क्रमांक 56 पटेल पारा का अवलोकन किया गया। इस दौरान उपस्थित अध्यापिका से चर्चा करते हुए मतदान पर्ची मतदाताओं के घरों मे जाकर वितरण करने निदेर्शित किये। स्वामी आत्मानंद उत्कृश्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बखरूपारा में मतदान केन्द्र क्रमांक 57 और 58 बनाया गया है, जिसमें बाजारपारा, मंदिरपारा, बखरूपारा, मुरियापारा, शंकर मंदिर पारा, गौरा चौक, नंदीपारा के मतदाता मतदान करेंगे। मतदान केन्द्र क्रमांक 58 में गणेश मंदिरपारा, नंदीपारा, मंड़ीपारा, डिपोपारा, कलामंदिरपारा के मतदाता मतदान करेंगे।

# व्यापार व उद्योग के विकास को लेकर चेंबर ने दिया केन्द्रीय मंत्री को सुझाव, सौंपा ज्ञापन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि कल विधानसभा चुनाव में प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग से संबंधित सुझाव हेतु कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश एवं टीम चेंबर भवन पहुंचे जहां उनके साथ राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा, अखिलेश प्रताप सिंह, अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. राकेश गुप्ता, प्रवक्ता छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अजय गंगवानी जी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी की अध्यक्षता में चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के व्यापारी एवं व्यापार तथा उद्योग के विकास से संबंधित महत्वपूर्ण सुझावों से अवगत कराकर जयराम रमेश एवं उनकी टीम को व्यापार एवं उद्योग से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

जिसमें महत्वपूर्ण सुझाव निम्नलिखित थे

1.यूजर चार्ज 2.संपत्ति कर 3.इंश्योरेंस पेंशन 4.एकल खिड़की प्रणाली 5.वन स्टेट वन लाइसेंस 6.बिजली बिल हाफ 7. मंडी शुल्क की समाप्ति 8. ई वे बिल से संबंधित 9.रियायती दर पर विद्युत दर का निर्धारण 10. ईंधन में रियायत 11. भारतीय दंड संहिता संबंधी 12. व्यापारियों की सुरक्षा 13.विशेष सुरक्षा कानून 14. कृषि आधारित उद्योग श्रेणी में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योगों की श्रेणी संबंधित 15. अग्निशमन केंद्र की स्थापना 16. फूड पार्क स्थापना 17.कोल्ड स्टोरेज स्थापना 18.श्रम कानून 19. उद्योग/व्यापार विभाग सम्बंधित 20. स्थानीय स्तर पर रोजगार देने पर रियायत संबंधी 21. कुटीर एवं लघु उद्योग संबंधित 22. प्रदूषण मुक्त उद्योग 23. जल संसाधन संबंधी 24. कारखाना अधिनियम संबंधी संशोधन 25. नई औद्योगिक पॉलिसी 2024 29 संबंधी 26. भवन निर्माण अनुज्ञा 27. सोलर सब्सिडी 28. स्मार्ट ट्यूरिज्म 29. आईटी सेक्टर से संबंधित इत्यादि।

बैठक में आयकर एवं जीएसटी से संबंधित सुझाव की प्रतिलिपि भी राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश एवं टीम को सौंपी गई। टेक्नीकल टीम द्वारा ज्ञापन के सम्बंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में हुई चर्चा को जयराम रमेश ने गंभीरतापूर्वक सुना तथा सकारात्मकता दिखाते हुए चेंबर के सुझावों को घोषणापत्र समिति के समक्ष रखने की बात कही। बैठक में चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी, संरक्षक आसुदामल वाधवानी, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, सलाहकार भरत बजाज, दीपक बल्लेवार, जितेंद्र दोशी, सुरेंदर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, कार्यकारी महामंत्री विकास आहूजा, उपाध्यक्ष मनोज जैन, टी श्रीनिवास रेड्डी, पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा, हीरा मखीजा, नरेंद्र हरचंदानी, जय नानवानी, मंत्री शंकर बजाज, निलेश मुंदड़ा, राजेंद्र खटवानी, प्रशांत गुप्ता, जयराम कुकरेजा, दिलीप इसरानी, ट्रांसपोर्ट चेंबर अध्यक्ष अमरीक सिंह, महामंत्री नवीन शर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, युवा चैंबर अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, महामंत्री कांति पटेल, उपाध्यक्ष हिमांशु वर्मा, टेक्निकल टीम से मुकेश मोटवानी, जितेंद्र खनूजा, सतीश तवानिया, विजय शर्मा, कैट सीजी चेप्टर कार्यकारी अध्यक्ष वासु मखीजा, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, युवा कैट अध्यक्ष अवनीत सिंह सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में राजभाषा कार्यशाला संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 के सभागार में दिनांक 1 नवम्बर 2023 को विभाग प्रमुख व महाप्रबंधक प्रभारी (एसएमएस-3) ए बी श्रीनिवास के मुख्य आतिथ्य एवं महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी (एसएमएस-3) श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोस की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया।



विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महाप्रबंधक (एसएमएस-3) एवं विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी उमा शंकर परगनिहा ने जानकारी दी कि विभाग में अधिकाधिक कार्य हिंदी में सम्पादित किये जा रहे है। कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान पर आधारित हिंदी भाषा में एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया गया और पुरस्कार वितरित किए गए। प्रथम पुरस्कार विजेता महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी पुष्पा एम्ब्रोस, द्वितीय पुरस्कार विजेता, महाप्रबंधकमोहित आर्य तथा तृतीय स्थान पर महाप्रबंधक यतेंद्र कुमार रहे।

इस कार्यशाला में अपने उदबोधन में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी (एसएमएस-3) ए बी श्रीनिवास ने कहा कि हिंदी हमारे देश की प्रमुख भाषा है। यह आम जनमानस की भाषा है व हृदय को छूती है। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 ने राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग में वृद्धि हेतु सतत् प्रयास किया है। स्टील मेल्टिंग शॉप-3, शत-प्रतिशत पत्राचार हिंदी में करने को प्रतिबद्ध है तथा यही कारण है कि विभाग को राजभाषा के पुरस्कार प्राप्त होते रहे हैं। सहायक प्रबंधक (संपर्क व प्रशासन-राजभाषा) श्री जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी तथा ऑनलाइन गूगल वॉइस टाइपिंग का प्रशिक्षण दिया एवं ऑनलाइन नोटशीट सिस्टम सैप में हिंदी में नोटशीट बनाने का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को राजभाषा हिंदी में समस्त कार्य करने हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रभारी ए बी श्रीनिवास, महाप्रबंधक यतेंद्र कुमार, महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी सुश्री पुष्पा एंब्रोस, महाप्रबंधक पी सतपथी, महाप्रबंधक संजीव कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक प्रमोद कुमार अग्रवाल, महाप्रबंधक मोहित आर्य, महाप्रबंधक राजीव वर्मा, महाप्रबंधक डी के वार्ष्णेय, महाप्रबंधक डी एल कुमार, महाप्रबंधक उमाशंकर परगनिहा, उप महाप्रबंधक पवित्र कुमार राय तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे। महाप्रबंधक (एसएमएस-3) व विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी उमा शंकर परगनिहा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### प्रेक्षक पी.सी. मीणा ने किया स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण

**गरियाबंद।** भारत निर्वाचन आयोग नियुक्त प्रेक्षक आईएएस पी.सी. मीणा ने गरियाबंद जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में राजिम और बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाये स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। प्रेक्षक मीणा ने विधानसभा वार बनाए गए स्ट्रांग रूमों में जाकर ईव्हीएम मशीनों और मतदान दलों को वितरित की जाने वाली सामग्रियों की व्यवस्था की जानकारी ली। प्रेक्षक पी.सी. मीणा को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा तीर्थराज अग्रवाल ने अब तक की गई तैयारियों की जानकारी दी।

## कॉलेज के छात्राओं ने रैली निकाल व नुक्कड के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा के मार्गदर्शन में रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय में छात्र - छात्राओं द्वारा मंगल भवन से नवापारा होते हुए पुराना बस स्टैण्ड में रैली निकाला गया तथा अग्रसेन चौक में मानव श्रृंखला का आयोजन कर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी किया गया। रैली का समापन महाविद्यालय प्रांगण में शपथ ग्रहण के साथ किया गया। इसके पश्चात् कॉलेज के सभागार में मतदाता जागरूकता विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य बच्चों को संबोधित करते हुए मतदान के महत्व समझाया तथा सभी से मतदान दिवस को मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती लता बेक विकासखण्ड स्तरीय स्वीप नोडल सुनील कुमार पोर्ते ने भी छात्र- छात्राओं को संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ. सलीप किसपोट्टा, दिव्यादित्य सिन्हा, हेमेंद्र सेन, विष्णु सिंह, जितेन्द्र यादव, मुकेश साहू, डॉ. सुप्रिया तिवारी, रोहित सेठ, दिग्विजय सिंह, अनुरागवेन्द्र सिंह बघेल, सुदर्शन राजवाड़े, सुदर्शन दास एवं जयराम प्रसाद बी.पी.ओ. साक्षरता उपस्थित रहे।

## विशेष मतदान दल चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं के घर पहुंचकर करा रहे मतदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए जिले के विधानसभाओं में होम वोटिंग की व्यवस्थाओं के तहत विशेष मतदान दल 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले चिन्हांकित मतदाताओं के घर पहुंचकर मतदान की संपूर्ण प्रक्रियाओं का निर्वहन करते हुए मतदान करा रहे हैं। इसी तारतम्य में आज डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं के घर पहुंचकर मतदान दल ने मतदान कराया। ग्राम सिंगपुर की सु डीमला वर्मा ने होम वोटिंग सुविधा का लाभ उठाया और भारत निर्वाचन आयोग का धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोग द्वारा दी गई इस सुविधा पर उन्होंने कहा कि आज उन्हें इस बात की खुशी हो रही है कि उन्हें मतदान केन्द्र जाकर न तो इंतजार करना पड़ेगा और न ही लाईन में खड़े में रहने की बाध्यता रहेगी। ज्ञातव्य है कि सु वर्मा 90 प्रतिशत दिव्यांग है, जिन्हें कही भी आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस होम वोटिंग की सुविधा ने उन्हें मताधिकार करने का घर बैठे सुअवसर प्रदान किया।

इसी तरह ग्राम सिंगपुर की ही गयाबाई सिन्हा जो 83 वर्ष की है, उन्होंने भी होम वोटिंग सुविधा का लाभ उठाया। उन्हें वृद्धावस्था के कारण चलने-फिरने के कारण मतदान केन्द्र पहुंचने में दिक्कत थी। लेकिन होम वोटिंग की सुविधा मिलने से आज उन्होंने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें देखने में भी दिक्कत होती है। आज यह सुविधा मिलने से और वह भी मतदान दिवस के पहले अवसर मिलने से बिना किसी परेशानी के मतदान करने का अवसर मिला है। ग्राम बुंदेलीकला के पुसेराम वर्मा जिनकी उम्र 83 वर्ष है, आश्चर्य मिश्रित प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घर बैठे मतदान की सुविधा प्रदान किया जाना उनके लिए आश्चर्यजनक है। होम वोटिंग सुविधा मिलने से बिना समय गंवाए और आराम के साथ मतदान संभव हो सका है। इसी ग्राम की झरिया बाई ठाकुर ने भी होम वोटिंग सुविधा का लाभ उठाया और इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग को धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्राम टेमरी की 93 वर्षीय मंगलीन बाई पटेल ने होम वोटिंग के जरिए मतदान किया। ग्राम बिरेझर के दिव्यांग पुसऊराम बारले और 95 वर्षीय फूलबाई ने होम वोटिंग सुविधा का लाभ उठाते हुए मतदान किया।

## कोक ओवन के कर्मचारी शिरोमणि पुरस्कार से हुए सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज


भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में शिरोमणी पुरस्कार योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट तथा अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए, पाली शिरोमणि एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार दिया जाता है। इसी के तहत संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में विगत दिनों कर्म एवं पाली शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।



इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक (कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग) समीर रायचैधरी उपस्थित थे। कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक दवारा बेहतर कार्यशैली के लिए षिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दूसरी तिमाही जुलाई से सितम्बर 2023 के लिए वरिष्ठ प्रबंधक (सीबीसी ऑपरेशन) एल एन चंद्राकर को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सितम्बर 2023 के लिए ईश्वर प्रसाद पुरे, मास्टर ऑपरेटर (बैटरी ऑपरेशन) व राजकुमार खांडेकर, चार्जमन कम सीनियर तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस) को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र तथा उनके जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

समीर रायचैधरी ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को सुरक्षा को प्राथमिकता देकर इसी तरह लगन से कार्य करते रहने तथा अपने अधीनस्थ कार्मिकों को भी कार्य में निपुण करने के लिए प्रेरित किया।

इस समारोह में कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के अनुभाग प्रमुख व महाप्रबंधक (सीओसीसीडी) पी वी वी एस मूर्ति, महाप्रबंधक (सीओ सीसीडी) बी पासवान, महाप्रबंधक (सीओसीसीडी) झगर सिंह, महाप्रबंधक (सीओसीसीडी) अतुल गोस्वामी, महाप्रबंधक (सीओसीसीडी) डी के सामंतराय, महाप्रबंधक (सीओसीसीडी) नन्द कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (कर्मिक-सीओसीसीडी) व्ही रामाराव दवारा द्वारा किया गया।





# नई तकनीकों ने बढ़ाई निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की सहभागिता

## मोबाइल एप्स के जरिए मतदाताओं तक पहुंच रही है मतदान से लेकर प्रत्याशी तक की जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीकें निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी एवं सहभागिता बढ़ा रही हैं। प्रौद्योगिकी में निरंतर विकास का असर निर्वाचन कार्यों पर भी साफतौर पर देखा जा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग नई तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग निर्वाचन को और ज्यादा सुगम, निष्पक्ष तथा समावेशी बनाने में कर रहा है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक का जागरूक और सजग रहना जरूरी है। इसे ध्यान में रखकर बीते कई चुनावों में प्रौद्योगिकी आधारित प्रणाली विकसित कर उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। अब आयोग विभिन्न मोबाइल एप्स विकसित कर नागरिकों को निर्वाचन प्रक्रिया से सीधे जोड़ रहा है। आयोग की इस नई पहल से मतदाता ज्यादा सशक्त होने के साथ ही निर्वाचन तंत्र का सक्रिय सहभागी बन गया है। आइए कुछ ऐसे प्रमुख मोबाइल एप्स के बारे में जानते हैं जो आज के दौर में निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की सहभागिता को बढ़ा रही हैं।




वोटर हेल्प लाइन एप- वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डाल कर बहुत ही आसानी से अपने विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। यदि एपिक नंबर नहीं मालूम है तो मतदाता अपना विवरण जैसे कि नाम, रिश्तेदार का नाम, उम्र, लिंग एवं विधानसभा क्षेत्र की जानकारी भरकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं। यदि मतदाता का मोबाइल नंबर मतदाता सूची में पंजीकृत है तो मतदाता अपना ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड न होने की स्थिति में आवश्यक सुधार के लिए फॉर्म-8 में आवेदन कर ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। इस एप के जरिए मतदाता अपना नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानांतरण या संशोधन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं।

वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र समेत किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जिससे मतदाता अपने मताधिकार से पहले इस बात से अवगत हो सके कि वह किसका चुनाव करने जा रहे हैं। इसमें प्रत्याशी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को विधानसभावार परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है। इस एप से निर्वाचन सम्बन्धी शिकायत भी की जा सकती है। मतदाताओं की जागरूकता के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) के संचालन संबंधी वीडियो भी इसमें अपलोड हैं।

**सी-विजिल एप:-** इस एप के जरिए आम नागरिक निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान होने वाली गड़बड़ी की तस्वीर और वीडियो को सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकता है। निर्वाचन के दौरान अगर किसी भी नागरिक को यह दिखता है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो वह इस एप पर अपनी शिकायत भेज सकता है। शिकायतकर्ता फोन पर सी-विजिल एप्लीकेशन डाउनलोड कर सीधे घटना की फोटो या वीडियो अपलोड कर सकते हैं। मतदाता को रिझाने के लिए पैसे अथवा उपहार वितरण, भड़काऊ भाषण देने, बिना अनुमति बैनर-पोस्टर लगाने, मदिरा वितरण, बिना अनुमति सभाएं करने, अनाधिकृत सामग्री परिवहन, प्रचार के समय की समाप्ति के बाद सभा, मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अंदर प्रचार जैसे मामलों की शिकायत इस एप के माध्यम से की जा सकती है।

**सक्षम मोबाइल एप:-** इस एप के जरिए दिव्यांग मतदाताओं की निर्वाचन संबंधी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया गया है। आयोग ने सक्षम एप के रूप में दिव्यांगों के लिए एक वन स्टॉप साधन विकसित किया है। दिव्यांग मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। इस एप को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एप को उपयोगकर्ताओं के अनुकूल बनाने के लिए डिज़ाइन, ले-आउट, इंटरफेस और सुविधाओं को बेहतर रूप दिया गया है। इसमें स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्द्धन, रंग समायोजन जैसी सुविधाएं भी हैं। एप को दो-तरफा इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म के रूप में डिजाइन किया गया है ।

सक्षम एप के जरिए पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। साथ ही दिव्यांगजन के रूप में चिन्हित करने के लिए अनुरोध, सुधार, प्रमाणीकरण, व्हील चेयर, सहायता, अपने मतदान केंद्र को जानें, बूथ लोकेटर, अपने उम्मीदवारों को जानें, शिकायतें दर्ज करें जैसी कई अन्य सुविधाएं भी इस एप में उपलब्ध हैं।

### सुविधा कैंडिडेट एप

इस एप के माध्यम से निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी को अपना नामांकन पत्र एवं शपथ पत्र ऑनलाइन भरने की सुविधा मिलती है। ऑनलाइन आवेदन के बाद स्लॉट बुक कर निर्धारित तिथि में भौतिक सत्यापन एवं निर्धारित शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। इतना ही नहीं प्रत्याशी को रैली, सभा आदि की अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी इस एप में है।

### वोटर टर्न ऑउट एप

इस मोबाइल एप का उपयोग कर मतदान के दिन आम नागरिक मतदान की विधानसभावार जानकारी पल-प्रतिपल देख सकते हैं। इस एप के जरिए राज्य के किसी भी कोने के नागरिक दोनों ही चरणों में वोटर टर्न ऑउट की अद्यतन स्थिति जान सकते हैं। मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के पीठासीन अधिकारी हर दो घंटे में अपने केन्द्र पर मतदान की जानकारी इप एप में अद्यतन करेंगे।

### नो यूअर कैंडिडेट (केवायसी) एप

इस एप के माध्यम से मतदाता निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मतदाता अपने विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की शिक्षा, संपत्ति आपराधिक रिकार्ड आदि की जानकारी इससे प्राप्त कर सकता है। इस एप से मतदाताओं को निर्वाचन के लिए सही प्रत्याशी का चयन करने में मदद मिलती है।

### इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) एप

राज्य के 1600 से अधिक स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही जब्ती (सीज़र) की कार्यवाहियों को इस एप पर अपलोड किया जाता है। पुलिस विभाग, आयकर विभाग, जीएसटी विभाग के अधिकारी हर जब्ती को इस एप पर अद्यतन करते हैं। इससे निर्वाचन आयोग को स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी मिलती है और उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

खास खबर...



## त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर रखी जा रही नजर

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा की जा रही खाद्य पदार्थो की औचक जांच

**रायपुर।** त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए छत्तीसगढ़ के समस्त जिलो में संचालित खाद्य परिसरों में निर्मित खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए विभिन्न जिलों के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की एक राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल बनाकर औचक जांच कराई जा रही है। उत्पादन इकाइयों पर नजर रखी जा रही है, जिससे कि आम जन को उच्च गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सके।

नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगाव एवं रायपुर जिले में संयुक्त टीम के द्वारा मसाला, दाल, होटल आदि में औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के गुणवत्ता जांच हेतु नमूना संकलित किया गया। राजनांदगाव के मेसर्स राजेश कंफेक्शनरी से चॉकलेट के नमूने संकलित करते हुए जप्ती की कार्यवाही गई मेसर्स अमर शहीद एग्रो से गरम मसाले का नमूना लिया गया। रायपुर में मोवा स्थित दाल मिल मेसर्स संतोष दाल मिल से मसूर के दाल का नमूना लिया गया, साथ ही संयुक्त दल द्वारा एक प्रतिष्ठित होटल मेसर्स अशोका बिरयानी से नूडल का नमूना लेकर राज्य खाद्य एवम औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया जहाँ से रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ के लिए नियुक्त किए तीन विशेष प्रेक्षक

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए तीन विशेष प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1988 बैच के बिहार कैडर के सेवानिवृत्त अधिकारी धर्मेन्द्र एस. गंगवार को छत्तीसगढ़ के लिए विशेष सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया है। आयोग ने भारतीय पुलिस सेवा के 1984 बैच के पंजाब कैडर के सेवानिवृत्त अधिकारी अनिल कुमार शर्मा को राज्य के लिए विशेष पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया है। भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के 1987 बैच के सेवानिवृत अधिकारी राजेश टूटेजा को विशेष व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

## रायपुर उत्तर विधानसभा केन्द्र के छह मतदान केन्द्र हुए शिफ्ट

गुजराती स्कूल से विवेकानंद महाविद्यालय में हुई शिफ्टिंग

**रायपुर।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान उत्तर रायपुर विधानसभा क्षेत्र के छह मतदान केन्द्रों को निर्वाचन आयोग से अनुमति लेकर दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया है। गुजराती स्कूल जयस्तंभ चौक के छह मतदान केन्द्रों को मौदहा पारा के विवेकानंद कॉलेज में शिफ्ट किया गया है। पहले गुजराती स्कूल में बने मतदान केन्द्र क्रमांक 123,124,125,126,127 और 128 अब विवेकानंद कॉलेज में बनेंगे। पिछले विधानसभा निर्वाचन के दौरान जिन मतदाताओं ने छह मतदान केन्द्रों पर गुजराती स्कूल में मतदान किया था। उन्हें इस बार मौदहा पारा के विवेकानंद कॉलेज में मतदान करना होगा।




## धरसींवा विधानसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त प्रेक्षक अमिरथा जोथी पहुंची रायपुर

प्रेक्षक प्रतिदिन सुबह नौ से दस बजे तक आमजनों से करेंगी मुलाकात

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायपुर जिले के सातों विधानसभाओं के लिये आब्जर्वरों की नियुक्ति कर दी गई है। जिले में विधानसभा चुनाव से संबंधित जानकारी आम नागरिकगण अपने विधानसभा से संबंधित प्रेक्षकों के मोबाइल नंबर पर या उनसे निर्धारित स्थान पर प्रत्यक्ष संपर्क कर प्रदान कर सकते है।

विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत विधानसभा क्रमांक 47 धरसींवां के लिए नियुक्त प्रेक्षक श्रीमती एस. अमिरथा जोथी रायपुर पहुंच चुकी है। श्रीमती जोथी प्रतिदिन सुबह नौ बजे से दस बजे तक सिविल लाइन रायपुर के नये सर्किट हॉउस मीटिंग हॉल में आमजन के लिए उपलब्ध रहेंगी। प्रेक्षक श्रीमती जोथी से उनके वाट्सएप्प नम्बर 75870-16576 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

इसी प्रकार विधानसभा क्रमांक-53 अभनपुर निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त प्रेक्षक बिष्णु प्रसाद मिश्रा चुनाव प्रक्रिया के दौरान रूम नंबर-411न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाइन में प्रतिदिन सुबह 10:30 से 11 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। उनसे मोबाइल नंबर-757870-16582 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## मतदान केन्द्रो में सभी मूलभूत सुविधाओं का इंतजाम हो: ऑब्जर्वर मिश्रा

अभनपुर विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** अभनपुर विधानसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक विष्णु प्रसाद मिश्रा ने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर निरीक्षण किया। श्री मिश्रा नयापारा और ब्लॉक कॉलोनी अभनपुर के मतदान केन्द्रों पर पहुंचे। उन्होंने सभी मतदान केन्द्र में पीने के पानी, बिजली, साफ-सफाई सहित शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। श्री मिश्रा ने सेक्टर ऑफिसर्स और पुलिस सेक्टर ऑफिसर्स को समन्वय के साथ काम करने को कहा।

प्रेक्षक श्री मिश्रा ने उपस्थित सभी अधिकारियों को अच्छे से ईवीएम मशीन हैंडलिंग करना सीखने को भी कहा। उन्होंने निर्वाचन मैनुअल बुक, मॉक पोल और रूट प्लान के विषय मे अच्छी तरह से जानकारी लेने के निर्देश दिए। प्रेक्षक ने अवैध शराब, नकदी, अवैध सामग्री आदि की जब्ती के संबंध में भी सख्त निर्देश दिए। श्री मिश्रा ने अभनपुर विधानसभा के सभी मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के उपयुक्त प्रबंध करने को भी कहा।

## विधानसभा निर्वाचन-2023: मतदाताओं को लुभाने बांटे जाने वाले सामान पर रखी जा रही है कड़ी नजर

राज्य कर विभाग ने सीमावर्ती क्षेत्रों में जांच के लिए तैनात की 24 टीमें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विधानसभा निर्वाचन आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य जीएसटी विभाग में सर्तकता और कार्यवाही बढ़ा दी है। चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने लिए बांटे जाने वाले सामान के परिवहन पर विभाग की पैनी नजर है। विभाग ने अधिकारियों की 24 टीमों को अन्य राज्यों की सीमाओं से सटे रास्तों पर 24 घंटे वाहनों की जांच के लिए नियुक्त किया गया है और पड़ोसी राज्यों के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से वाहनों की जांच की जा रही है। राज्य कर आयुक्त द्वारा अपने अधिकारियों को पड़ोसी राज्यों के अधिकारियों से समन्वय करने और संयुक्त जांच करने की हिदायत भी दी गई हैं।



राज्य के भीतर भी 15 टीमों के द्वारा ई-वे बिल की जांच लगातार की जा रही है। राज्य कर विभाग द्वारा 01 जुलाई 2023 से 31 अक्टूबर 2023 तक कुल 10.10 करोड का माल जब्त किया। जा चुका है। विभाग की नजर रेल्वे और बसों से भेजे जाने वाले सामानों पर भी हैं। रेल्वे से परिवहित माल पर भी गलती पाये जाने पर इस दौरान 40.81 लाख की पेनाल्टी लगाई जा चुकी है। चुनाव में मुफ्त बांटे जाने वाले सामान की धरपकड़ सुनिश्चित करने के लिए आयुक्त ने सभी अधिकारियों को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले गोदामों की जांच करने हेतु निर्देशित किया गया है।

अब-तक 377 गोदामों की जांच करके स्टॉक में अंतर पाये जाने पर व्यापारियों को 21.05 लाख रुपये जमा कराये गये हैं। विभाग के अधिकारियों द्वारा पुलिस प्रशासन का सहयोग निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में किया जा रहा है और निर्वाचन कार्य में लगे एसएसटी और एफएसटी में सभी जिलों में अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति गई है और उनके द्वारा जांच में प्रशासन का सहयोग किया जा रहा है।

## खेलकूद से परस्पर सहयोग की भावना विकसित होती है: डॉ. चंदेल

**रायपुर (ए)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स परिसर में गुरुवार को विश्वविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता 2023 का कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने शुभारम्भ किया। इस विश्वविद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पूर्व, पश्चिम, उत्तर एवं दक्षिण जोन के कुल 160 प्रतिभागी शामिल हुए हैं। 2 से 4 नवम्बर तक आयोजित होने वाली इस तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न क्रीड़ा स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस विश्वविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत व्यक्तिगत स्पर्धाओं में लम्बी कूद, ऊंची कूद, ट्रिपल जंप, भाला फेंक, गोला फेंक, डिस्क थ्रो, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, हर्डल दौड़ तथा 4X100 मीटर, 4X400 मीटरएवं 4X800 मीटर रिले दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। सामूहिक स्पर्धाओं के अंतर्गत वॉलीबाल, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन तथा टेबल टेनिस स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल विश्वविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए



प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं में जीत या हार महत्वपूर्ण नहीं होती है, बल्कि प्रतियोगिता में भाग लेना यह महत्पूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेने से विद्यार्थियों में परस्पर सहयोग की भावना का सृजन होता है। विद्यार्थी विश्वविद्यालयीन स्पर्धाओं में सफलता प्राप्त कर भविष्य में प्रदेश एवं देश का नाम ऊंचा करता है, जिससे उनमें व्यक्तित्व निखार की भावना प्रबल होती है। उन्होंने प्रतिभागियों से आव्हान किया कि वे अपनी पूरी क्षमता तथा मेहनत के साथ प्रतियोगिता में भाग लें तथा सफलता अर्जित करें। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा ने प्रतियोगिता की रूप-रेखा प्रतिपादित की। उन्होंने बताया कि महाविद्याय स्तर पर आयोजित विभिन्न विधाओं में विजयी 160 प्रतिभागी विश्वविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र खेलकूद स्पर्धाओं में भाग लेने के साथ-साथ एकता और अनुशासन भी सीखते हैं तथा अपनी प्रतिभा बाहर लाने के लिए कड़ी मेहनत भी करते हैं। संचालक अनुसंधान डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जीवन में खेलकूद से जीतने की या संघर्ष करने की प्रेरणा मिलती है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# एवोकाडो तेल कई पोषक तत्वों से है भरपूर, इस्तेमाल पर मिलते हैं ये 5 प्रमुख लाभ

एवोकाडो फल कई पौष्टिक गुणों से भरपूर होता है और समग्र स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसके गूदे से निकाला गया तेल भी विभिन्न लाभों के लिए जाना जाता है। एवोकाडो तेल में फैटी एसिड, एंटी-ऑक्सीडेंट और विटामिन्स जैसे कई गुण होते हैं, जो सेहत से लेकर त्वचा तक के लिए लाभकारी होते हैं। इस तेल को पर्सिया अमरीकाना भी कहते हैं। आइये आज स्वास्थ्य टिप्स में एवोकाडो तेल के 5 प्रमुख फायदे जानते हैं।



## खराब कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में कारगर

उच्च कोलेस्ट्रॉल कई तरह की गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। इससे बचाव के लिए एवोकाडो के तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है।इस तेल में ओलिक एसिड जैसे मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं। ये अच्छे कोलेस्ट्रॉल यानी एचडीएल के स्तर को कम किए बिना खराब कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीए को कम करने में मदद करते हैं। इसके साथ ही यह हृदय रोग के जोखिम को कम करने में भी मददगार है।

## आंखों के लिए है लाभकारी

आंखों को कई तरह की समस्याओं से बचाए रखने में भी एवोकाडो का तेल अहम भूमिका अदा कर सकता है।एवोकाडो तेल में ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन नामक यौगिक पाए जाते हैं, जो आंखों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। ये यौगिक मोतियाबिंद और उम्र के साथ होने वाली आंखों की कई समस्याओं से बचाए रखने में मदद कर सकते हैं।नेत्र विशेषज्ञ भी एवोकाडो तेल को पौष्टिक सप्लीमेंट के रूप में डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं।

## पाचन क्रिया में करता है सुधार

पाचन तंत्र हमारे समग्र स्वास्थ्य में अहम भूमिका निभाता है, इसलिए स्वस्थ रहने के लिए पाचन क्रिया ठीक होनी चाहिए। इसके लिए एवोकाडो का तेल लाभकारी है। इस तेल में फाइबर मौजूद होता है, जो पाचन क्रिया में सुधार करता है। इसके साथ ही यह कब्ज और गैस जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं से राहत दिलाने में मदद करता है। लाभ के लिए खाना पकाने के लिए एवोकाडो तेल का इस्तेमाल करें।

## वजन नियंत्रित करने में है मददगार

एवोकाडो तेल का इस्तेमाल वजन घटाने के लिए भी किया जा सकता है। एक अध्ययन के मुताबिक, इसमें कैलोरी कम होती है, जिसकी वजह से इसके सेवन से वजन को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। इसके साथ ही इसमें मौजूद मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड वसा को बढ़ने से रोकता है। इसके अलावा यह इंसुलिन संवेदनशीलता में भी सुधार करता है, जिससे ब्लड शुगर का नियंत्रण बेहतर तरीके से हो सकता है।

## त्वचा के स्वास्थ्य के लिए है अच्छा

शारीरिक स्वास्थ्य के अलावा एवोकाडो तेल त्वचा की देखभाल के लिए भी फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन-ई, एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी जैसे कई गुण मौजूद होते हैं, जो बेजान और रूखी त्वचा से राहत दिलाने में मददगार हैं। यह त्वचा को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाता है और त्वचा को चमकदार और मुलायम बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। त्वचा को निखारने के लिए एवोकाडो से बने इन फेस पैक का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

# ग्रीन डीपनेक गाउन पहन निक्की तंबोली ने लगाया बोल्डनेस का तड़का



बिग बॉस 14 की एक्स कंटेस्टेंट निक्की तंबोली अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो लोग उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। हाल ही में निक्की तंबोली की लेटेस्ट हॉट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो गया है। एक्ट्रेस निक्की तंबोली आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस को मदहोश कर देते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक में ग्रीन कलर का गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ग्लोरियस नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस निक्की तंबोली का हर एक लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है। और आए दिन वो अपनी अदाओं से इंटरनेट का पारा बढ़ाती रहती हैं। निक्की तंबोली अपने लुक्स से बी-टाउन की बड़ी-बड़ी हसीनाओं को मात देती हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच रही हैं। अभिनेत्री निक्की तंबोली फैशनिस्ट से कम नहीं हैं। उनका बोल्ड लुक अक्सर इंटरनेट पर लाइमलाइट बटौरता रहता है। ओपन हेयर को कर्ल्स कर के और साथ ही न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने लुक को खूबसूरत तरीके से निखारा है। निक्की तंबोली ने अपनी इन फोटोज को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है- जितनी मैं दिखती हूं उतनी मूडी नहीं हूं।

# बॉलीवुड अभिनेत्री मलाईका अरोरा के हाथों कमलेश यादव हुए ग्लोबल आईकॉन अवार्ड से सम्मानित



फोरएस इंटरटेनमेंट द्वारा कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बेला मुंडे हॉटल एंड रिसोर्ट जयपुर एक्सप्रेसवे रंगपुरी नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में भिलाई के के.के. कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक कमलेश यादव को बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मलाईका अरोरा ने ग्लोबल आईकॉन अवार्ड 2023 से सम्मानित किया। ज्ञातव्य हो कि आज इस मंहगाई के दौर में भी सबसे कम दर पर के.के. कंस्ट्रक्शन पिछले 8 सालों से कंस्ट्रक्शन का कार्य कर रही है। के के कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक ने हमारे संवाददाता को बताया कि हमारी कोशिश रहती है कि अच्छा कार्य करें और उपभोक्ताओं को अच्छी सेवा दें। आज के इस मंहगाई के दौर में भी कम से कम कीमत पर कम समय में पूरा गुणवत्तायुक्त कार्य हमारी कंपनी करे इसी मूल मंत्र को लेकर हम चलते है। आज इसी का नतीजा है कि देश का इतना बडा अवार्ड हमारी कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला है। ग्लोबल आईकॉन अवार्ड मिलने पर अमलेश यादव, सिंकंदर, किसन यादव, हेमंत मेश्राम योगेश सहित कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में कार्य करने वाले अन्य लोगों ने के के कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक कमलेश यादव को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# रवि तेजा की उपस्थिति मुझे डराती थीः गायत्री



**रवि तेजा हाल ही में पैन-इंडिया फिल्म टाइगर नागेश्वर राव से अभिनेत्री गायत्री भारद्वाज ने अपना तेलुगु डेब्यू किया। जहां फिल्म को हर तरफ से अच्छी समीक्षा मिल रही है, वहीं ऑडियंस, इंडस्ट्री और क्रिटिक गायत्री के अभिनय और गांव की लड़की के लुक की प्रशंसा करने से नहीं रुक रहे हैं। जैसा कि वह खुद को मिल रहे प्यार से गदगद है, अभिनेत्री अपने सुपरस्टार सह-कलाकार के बारे में तारीफें करती नहीं थक रही हैं।**

रवि तेजा के साथ पहली बार काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, गायत्री कहती हैं, अपने करियर में पहली बार, मैं किसी सुपरस्टार के साथ काम कर रही थी। यहां दक्षिण में उनका दबदबा कुछ अलग ही है। वह जब चलते हैं तो अपने साथ एक स्टारडम लेकर चलते हैं। जब भी वह सेट पर होते हैं तो वह अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं।

अभिनेत्री आगे कहती हैं कि सेट पर उनका दिन कैसा बीतता था, हमारी दिनचर्या यह थी कि वह अंदर आते थे और मेरे पास खड़े हो जाते थे और मुझे अपने डायलॉग बोलने पड़ते थे। उनकी उपस्थिति मुझे डराती थी क्योंकि वह एक लार्जर दैन लाइफ अभिनेता हैं। उनके साथ अभिनय करना मेरे लिए बेहद कठिन था। लेकिन उनकी स्वीकृति मेरे लिए बहुत मायने रखती है। पूर्व मिस इंडिया, गायत्री ने संगीत वीडियो के साथ शोबिज में कदम रखा। वह कॉल और पटोला जैसे गानों में नजर आई। उन्हें अभिनय में ब्रेक भुवन बाम की डिजिटल सीरीज ढिंडोरा से मिला, जहां उन्होंने एक डॉक्टर और भुवन की प्रेमिका की भूमिका निभाई। वह इश्क एक्सप्रेस और हाईवे लव का भी हिस्सा थीं।

# मुंह के बिगड़े स्वाद को ठीक करने के लिए आजमाएं ये 5 घरेलू नुस्खे

मुंह का स्वाद बिगड़ जाए तो इसके कारण कुछ भी खाने का मन नहीं करता। इसके अतिरिक्त इससे जी-मचलाना और उलटी जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। खराब दंत स्वच्छता, संक्रमण, नींद और यहां तक कि लहसुन जैसे खाद्य पदार्थ खाने से भी मुंह का स्वाद बिगड़ सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिन्हें आप मुंह के खराब स्वाद से छुटकारा पाने के लिए आजमा सकते हैं।



## सेब का सिरका

सेब का सिरका अम्लीय होता है। यह मुंह के पीएच स्तर को संतुलित करके मौखिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। यह उपाय लार के उत्पादन को भी बढ़ाता है, जो मुंह के बिगड़े स्वाद को ठीक करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए आधे गिलास गुनगुने पानी में एक बड़ी चम्मच सेब का सिरका डालें, फिर इसमें थोड़ा शहद मिलाकर इसका सेवन करें। जब तक समस्या दूर न हो जाए तब तक इसे रोजाना सेवन करें।

## बेकिंग सोडा

बेकिंग सोडा की क्षारीय प्रकृति मुंह के पीएच को सुधारने में मदद कर सकती है। इसके एक्सफोलिएटिंग गुण जीभ और दांतों पर जमे प्लाक से छुटकारा दिलाने में भी मदद कर सकते हैं। इस प्रकार यह मुंह के बिगड़े स्वाद को ठीक करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए 1 चम्मच बेकिंग सोडा में नींबू के रस की कुछ बूंदें मिलाएं। फिर इस पेस्ट का इस्तेमाल अपने दांतों को ब्रश करने के लिए करें।

## ऑयल पुलिंग

ऑयल पुलिंग प्लाक को हटाने में मदद कर सकती है और विभिन्न मौखिक स्थितियों जैसे ओरल थ्रश, सांसों की दुर्गंध और मसूड़े की सूजन आदि को दूर कर सकती है, जो मुंह में खराब स्वाद का कारण बन सकती हैं। लाभ के लिए 1 बड़ी चम्मच नारियल या तिल का तेल लें और इसे अपने मुंह में लगभग 10 से 15 मिनट तक घुमाएं। इसके बाद तेल को थूकें और दांतों को सामान्य रूप से ब्रश करें।

## नमक के पानी से गरारे

नमक में एंटी-सेप्टिक गुण होते हैं, जो मौखिक बैक्टीरिया के निर्माण को रोक सकते हैं। साथ ही नियमित रूप से नमक के पानी से गरारे करने से मुंह का खराब स्वाद और गंध को खत्म करने में भी मदद मिल सकती है।लाभ के लिए 1 गिलास गुनगुने पानी में 1 चम्मच नमक डालकर उसे अच्छी तरह मिलाएं, फिर इस घोल का इस्तेमाल अपना मुंह को साफ करने के लिए करें।

## एलोवेरा का जूस

एलोवेरा जूस में एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-इंफ्लेमेरी गतिविधियां होती हैं, जो मौखिक संक्रमण को ठीक कर सकती हैं और ऐसी मौखिक समस्याओं के कारण होने वाले खराब स्वाद और गंध का इलाज कर सकती हैं। लाभ के लिए 1 चम्मच ताजा एलोवेरा जूस लें और इसे अपने मुंह में लगभग 5 मिनट तक घुमाएं, फिर इसे थूक दें। इसके अलावा आप चाहें तो आधा कप एलोवेरा जूस पी भी सकते हैं।यहां जानिए एलोवेरा जूस के फायदे।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

### 108 अभ्यर्थियों ने लिया नाम वापस, रायपुर पश्चिम से सबसे ज्यादा प्रत्याशी लड़ेंगे चुनाव

# नाम वापसी के बाद 70 विधानसभा सीटों पर 958 अभ्यर्थी मैदान में, 17 को वोटिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 तहत दूसरे चरण के 70 विधानसभा क्षेत्रों में नाम वापसी के बाद अब 958 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में रह गए हैं। गुरुवार को नाम वापसी के दिनों सभी जिलों से कुल 108 लोगों ने अपना नाम वापस ले लिया। नाम वापसी के बाद सबसे ज्यादा प्रत्याशी रायपुर पश्चिम से हैं। यहां से कुल 26 प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं डौंडी लोहारा विधानसभा से सबसे कम 4 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। दूसरे चरण के लिए 17 नवंबर को मतदान होगा और 3 दिसंबर 2023 को नतीजे आएंगे।**




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार दूसरे चरण में रायपुर नगर पश्चिम में 26, दुर्ग शहर में 24, बिल्हा, भाटापारा में 23-23, रायपुर नगर दक्षिण, बेलतरा में 22-22, बिलासपुर में 21, महासमुंद, जांजगीर-चांपा, कसडोल में 20-20, रायगढ़, कोरबा में 19-19, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, बेमेतरा में 18-18, भटगांव, लोरमी में 17-17, सीतापुर, पाटन, वैशाली नगर में 16-16, कोटा, मुंगेली, अकलतरा, जैजैपुर, खल्लारी, कुरूद में 15-15, कटघोरा, तखतपुर, सक्ती, रायपुर नगर उत्तर, संजारी बालोद, दुर्ग ग्रामीण, साजा, नवागढ़ में 14-14, प्रतापपुर, सामरी, अम्बिकापुर, मस्तुरी, अभनपुर, भिलाई नगर, गुण्डरदेही, में 13-13, प्रेमनगर, लुण्ड्रा, धमतरी में 12-12, रामानुजगंज, जशपुर, कुनकुरी, पामगढ़, बलौदाबाजार, आंरग, राजिम में 11-11, मरवाही, बसना, अहिवारा में 10-10, भरतपुर-सोनहत, मनेन्द्रगढ़, सारंगढ़, रामपुर, पालीतानाखार, चन्द्रपुर, बिलाईगढ़ में 9-9, बैकुण्ठपुर, पत्थलगांव, लैलुंगा, खरसिया, सरायपाली में 8-8, धरमजयगढ़, सिहावा में 7-7, बिन्द्रानवागढ़ में 6, डौण्डीलोहारा में 4 अभ्यर्थी शेष बचे है।

### रायपुर दक्षिण से सबसे ज्यादा नाम वापस

रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक 14 अभ्यर्थियों ने नाम वापसी की। द्वितीय चरण के विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद कुल 1066 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य पाए गए थे। दूसरे चरण में नामांकन के अंतिम दिन 30 अक्टूबर तक कुल 1219 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था। विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग तथा सरगुजा संभाग के कुल 70 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। द्वितीय चरण के लिए 17 नवंबर को कुल एक करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे, जिसमें 81 लाख 41 हजार 624 पुरुष मतदाता और 81 लाख 72 हजार 171 महिला मतदाता तथा 684 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं।

### इन विधानसभा सीटों पर होंगे चुनाव

विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में भरतपुर-सोनहट, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, कोटा, लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी, अकलतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, चंद्रपुर, जैजैपुर, पामगढ़, सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार, भाटापारा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर नगर उत्तर, रायपुर नगर दक्षिण, आरंग, अभनपुर, राजिम, बिन्द्रानवागढ़, सिहावा, कुरूद, धमतरी, संजारी बालोद, डोंडीलोहारा, गुण्डरदेही, पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा और नवागढ़ में 17 नवंबर को मतदान होगा।

## मतदाताओं को जागरूक करने चलाया जा रहा स्वीप कार्यक्रम




श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** स्वीप कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशानुसार नारायणपुर जिले के ग्राम पंचायतों ताड़ोपाल, टिमनार और कुरूशनार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत् 7 नवंबर को जिले के सभी 127 मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के द्वारा शतप्रतिशत मतदान करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। ताड़ोपाल ग्राम पंचायत के ग्रामीण महिलाओं एवं पुरुषों के द्वारा आज घर-घर जाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीणजन मतदान करने हेतु बहुत उत्सुक दिख रहें है। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है शत-प्रतिशत मतदान, इस कार्य हेतु सभी मतदाताओं की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने अन्य मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जोर दिया ताकि इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव के नेतृत्व में रैली निकाला गया। मतदाताओं को 7 नवम्बर को मतदान करने के लिए शपथ भी दिलवाई गई। मतदान जागरूकता हेतु घर घर जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## खास खबर

### मैत्री नगर सुन्दर नगर सहित विभिन्न स्थानों में जोनों की टीमों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**रायपुर ।** रायपुर जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सर्वेश्वर भूरे के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनों की टीमों द्वारा जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं सहित सहायक अभियंताओं, उपअभियंताओं, सहायक राजस्व अधिकारियों, सफाई मित्र कर्मचारियों, महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं की उपस्थिति में नगर पालिक निगम क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में पहुंचकर मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान करने जागरूक बनाने का कार्य प्रतिदिन नियमित रूप से निरन्तर जारी है. इस क्रम में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 5 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम द्वारा जोन कमिश्नर सुशील कुमार चैधरी एवं कार्यपालन अभियन्ता विमल शर्मा की उपस्थिति में जोन के तहत पण्डित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्रमांक 42 के तहत वार्ड क्षेत्र में मैत्री नगर, सुन्दर नगर क्षेत्र के रहवासी मतदाताओं के मध्य मतदाता जागरूकता अभियान शत - प्रतिशत मतदान हेतु जागरूकता लाने चलाया गया. रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों द्वारा रहवासी क्षेत्रों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान करने जागरूक बनाने का अभियान प्रतिदिन नियमित रूप से निरन्तर जारी रहेगा।

### परियोजना प्रमुख मधु एस. ने संभाला एनटीपीसी कोरबा का कार्यभार

**कोरबा ।** कोरबा जिले में स्थापित एनटीपीसी कोरबा के महाप्रबंधक मधु एस. ने 01 नवंबर से परियोजना प्रमुख के रूप में कोरबा सुपर थर्मल पावर स्टेशन का कार्यभार संभाला हैं। मधु एस. (महाप्रबंधक) ने 1989 में कालीकट विश्वविद्यालय से बी. टेक (इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स) की डिग्री प्राप्त करने के बाद 1990 में एनटीपीसी के साथ ईटी के रूप में अपनी यात्रा शुरू की और एनटीपीसी के साथ उनका 33 वर्षों से अधिक का अनुभव है। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने रिहंद, बदरपुर और खरगोन जैसी अन्य एनटीपीसी संयंत्रों में अपनी सेवाएँ दी हैं। फरवरी 2022 में, वह अनुरक्षण विभाग में एनटीपीसी कोरबा में शामिल हुए और बाद में फरवरी 2023 में उन्हें महाप्रबंधक (प्रचालन और अनुरक्षण) के रूप में पुनः नामित किया गया। उनके पास ईंधन प्रबंधन, प्रचालन और अनुरक्षण आदि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का अनुभव है। उन्होंने 2007 में एमडीआई से रणनीति और वित्त में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री भी प्राप्त की हैं। मधु एस. ने अपने व्यापक और ज्वलंत ज्ञान और अनुभव से कंपनी में योगदान दिया है। अब एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख के रूप में, उनका लक्ष्य कंपनी के आंतरिक और बाहरी हितधारकों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरे करने का लक्ष्य हैं।

## फाफाडीह मंडल में चुनाव कार्यालय का उद्धघाटन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी रायपुर उत्तर विधानसभा के अंतर्गत फाफाडीह मंडल चुनाव कार्यालय का उद्धघाटन रायपुर उत्तर विधानसभा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा के कर कमलो से संभावी चुनावी कार्यालय का उत्घाटन किया गया जिसमे मुख्य रूप से कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा सांसदसुनील सोनी, वरिष्ठ नेता मोहन चोपड़ा,विधानसभा चुनाव नलिनीश ठोकने भाजपा रायपुर शहर जिलाध्यक्ष जयंती पटेल जी पार्षदगण सूर्यकांत राठौड़, प्रमोद साहू तिलक भाई पटेल है।

साथ ही मंडल में निवासरत् सभी भाजपा-मोर्चा-प्रकोष्ठ-प्रकल्प के राष्ट्रीय/प्रदेश/जिला/ मंडल/शक्ति केंद्र/बुथ व बुथ के पन्ना समिति पार्टी के पदाधिकारी-कार्यसमिति सदस्य/पार्षद/ छाया पार्षद/ निगम मंडल आयोग के पूर्वअध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य एवं पार्टी के जेष्ठ-श्रेष्ठ देवतुल्य कार्यकर्ता बन्धु/भगिनी आप सभी की उपस्तिथि में यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ ।

## भाजपा के प्रति लोगों में उत्साह, प्रेमप्रकाश बोले- भिलाई में फिर खिलेगा विकास का कमल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। चुनाव की तारीख नजदीक आते भाजपा के प्रति लोगों का उत्साह अपने चरम पर है, जिसकी झलक आज सेक्टर -7 में देखने को मिली। भिलाई बचाओ, कमल खिलाओ अभियान के तहत आज भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय सेक्टर -7 पहुंचे, जहां श्री हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए उन्होंने जनसंपर्क की शुरूआत की।**




जनसंपर्क के दौरान उन्होंने लोगों से भेंट करते हुए भिलाई में शांति और विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों में हमारे भिलाई की जो दुर्दशा हुई है, उसके लिए केवल कांग्रेस जिम्मेदार है। हम अब और नहीं सहेंगे, कांग्रेस सरकार को बदलकर रहेंगे।

जनसंपर्क के दौरान स्थानीय महिलाओं ने श्री पाण्डेय को बताया कि पिछले 5 सालों में भिलाई का माहौल बिल्कुल बदल चुका है। जहां हमारे शहर का शिक्षा में बोलबाला था, वहां अब सिर्फ क्राइम का ग्राफ बढ़ रहा है। हम लोगों को भी कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। श्री पाण्डेय ने कहा कि आपने जब भी मुझे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सौंपा है, मैंने भिलाई के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किये हैं। चाहे महिलाओं की सुरक्षा हो, या फिर शिक्षा की प्रगति, भाजपा सरकार ने सभी वर्गों के लिए पहल की है। आने वाले समय में आप सभी के समर्थन से हम फिर भाजपा की सरकार बनायेंगे और निश्चित ही हर दिशा में कार्य करेंगे।

### सेक्टर -2 और बापू नगर में होगा जनसंपर्क

भिलाई बचाओ, कमल खिलाओ अभियान के तहत प्रेमप्रकाश पाण्डेय 3 नवंबर को प्रातः 08.30 बजे सेक्टर -2 सड़क 15बी शिव मंदिर से पूजा-अर्चना कर जनसंपर्क की शुरूआत करेंगे। वहीं दोपहर 2 बजे यह जनसंपर्क बापू नगर, खुर्सीपार में किया जायेगा।

## आदिवासी और पिछड़ों का विकास हमारा संकल्प - नरेंद्र मोदी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कांकेर/रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने गुरुवार को कांकेर जिले के दौरे पर आए। उन्होंने यहां गोविंदपुर मैदान पर बड़ी जनसभा को संबोधित किया। आमसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के 5 साल के कार्यकाल को भ्रष्टाचार और घोटालों से भरे रहने का आरोप लगाया।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासियों और पिछड़े वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए संकल्पित है और उनके हित में ठोस काम भी कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि मैं आप लोगों को निमंत्रण देने आया हूं कि राज्य में बनने जा रही भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण में आप सभी पहुंचें। उन्होंने कहा कि कल ही छत्तीसगढ़ का स्थापना दिवस मनाया गया है। छत्तीसगढ़ के लोगों और भाजपा ने मिलकर छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया। कितनी चुनौतियों के साथ लड़ते हुए छत्तीसगढ़ में नई व्यवस्था बनाई। दिल्ली में जब तक कांग्रेस की सरकार रही यहां की भाजपा की सरकार से दुश्मनी निकालती रही। इसके विपरीत हमारी केंद्र सरकार यहां की कांग्रेस सरकार को पूरी तरह से मदद करती आई है।

उन्होंने कहा कि मोदी को आपके स्वास्थ्य के इलाज पर होने वाले खर्च की भी उतनी ही चिंता है। बस्तर से ही मैंने आयुष्मान योजना, गांव गांव अच्छे अस्पताल बनाने का अभियान शुरू किया। हमने हेल्थ वैलनेस सेंटर नाम रखा था लोगों ने काम देखा तो उसका नाम बदल कर आयुष्मान आरोग्य मंदिर रख दिया। अस्पताल मैं गरीब को पैसा न देना पड़े इसके लिए आयुष्मान योजना बनाई। छत्तीसगढ़ के 2 करोड़ से अधिक साथी इसके लाभार्थी हैं। लाखों साथी इस योजना के तहत अपना मुफ्त इलाज करा चुके हैं। भाजपा सरकार में हजारों जन औषधि केंद्र खुले हैं। ताकि गरीबों को सस्ती दवाएं मिल सकें। हमने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति और बीमा योजना इसलिए बनाई ताकि गरीबों को भी मुश्किल समय में मदद मिल सके। हमने अटल पेंशन योजना बनाई। 60 वर्ष की आयु के बाद के सभी गरीब सुरक्षित हैं। इसमें सबसे बड़े लाभार्थी हैं हमारे एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के लोग। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी यानी हर गारंटी को पूरा करने की गारंटी। हमने महिला आरक्षण दिया। कितने समय से लटका पड़ा था। यह काम भी मोदी ने पूरा किया। हम समाज के उन वर्गों को भी पूछते हैं जिन्हें पहले कभी किसी ने नहीं पूछा। हमारे विश्वकर्मा साथी हर गांव में हैं। कुम्हार हो, लोहार हो, माला बनाने वाले मालाकार हो, खिलौने वाले हो, मूर्तिकार हो, टोकरी बनाने वाले हो, बांस के काम करने वाले हो, जूते बनाने वाले हो, पत्थर तोड़ने वाले हो, इन सब के छोटे-छोटे परिवार बिखरे पड़े थे। कोई सुध नहीं लेता था। मोदी है उसे उनका दर्द भी पता चलता है हमने ऐसे परिवारों के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना बनाई।

मंच पर ये नेता रहे मौजूद

मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, कांकेर के सांसद मोहन मंडावी, भाजपा प्रत्याशी लता उसेंडी कोंडागांव, विक्रम उसेंडी अंतागढ़, रंजना साहू धमतरी, नीलकंठ टेकाम केशकाल, आशाराम नेताम कांकेर, गौतम उइके भानुप्रतापपुर, देवलाल ठाकुर डौंडी लोहरा, श्रवण मरकाम सिहावा, राकेश यादव बालोद एवं भाजपा के प्रदेश मंत्रीद्वय महेश जैन व जगदीश रामू रोहरा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## धान खरीदी के पहले दिन 742 किसानों ने 20 हजार क्विंटल से अधिक धान बेचा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में गरियाबंद जिले की सभी 90 उपार्जन केन्द्रों की धान खरीदी की तैयारी पूर्ण है। गरियाबंद जिले में धान खरीदी के प्रथम दिवस 01 नवंबर को जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में धान की आवक हुई। जिसमें कुल 742 कृषकों ने 20 हजार 178 क्विंटल धान अपने-अपने उपार्जन केन्द्रों में बेचा। जो कि प्रथम दिवस की खरीदी में अब तक का सर्वाधिक है। जिला विपणन अधिकारी अमित चन्द्राकर ने बताया कि नई टोकन व्यवस्था के अंतर्गत समिति द्वारा 592 टोकन काटे गए और कृषकों द्वारा टोकन तुंहर द्वार एप के माध्यम से 150 टोकन कटा कर प्रथम दिवस ही 742 कृषकों ने 20178 क्विंटल धान विक्रय किया। धान बिक्री की राशि किसानों के खाते में 48 घंटे के भीतर भुगतान कर दिया जायेगा। जिला खाद्य अधिकारी सुधीरचन्द्र गुरु ने बताया कि जिले के प्रथम दिवस की धान खरीदी उत्साह जनक है। प्रथम दिवस में खाद्य विभाग के मैदानी अमलों ने 20 से अधिक उपार्जन केन्द्रों में पहुंचकर धान उपार्जन व्यवस्था का जायजा लिया। धान खरीदी की सतत् व्यवस्था बनाए रखने एवं निर्बाध धान खरीदी करने के लिए मैदानी अमला जिले के प्रत्येक उपार्जन केन्द्रों का लगातार दौरा कर रहे हैं। आने वाले दिनों में किसानों से धान की आवक बढ़ेगी।



















# फायनेंस कंपनी के फील्ड अफसर ने किया फर्जीवाड़ा, कंपनी को लगाया लाखों का चूना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के धमधा थाना क्षेत्र में फायनेंस कंपनी के फील्ड अफसर का फर्जीवाड़ा सामने आया है। यहां गांवों में महिला समूहों को लोन देने वाली एक फायनेंस कंपनी ने लोन की रकम व किश्तों की रकम का गबन कर कंपनी को लाखों का चूना लगाया है। कंपनी के ब्रांच मैनेजर की शिकायत पर धमधा पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




इस मामले में धमधा पुलिस ने बताया कि भारत फायनेंसियल इन्क्लूजन लिमिटेड कंपनी की शाखा धमधा के ब्रांच मैनेजर भुनेश्वर कुंजाम ने शिकायत दर्ज कराई है। भुनेश्वर ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी कंपनी इंडसइंड बैंक के जरिए काम करती है और ग्रामीण क्षेत्रो में महिला समूहों को लोन देती है। कंपनी द्वारा आसपास के गांवों में महिलाओं को लोन देने के बाद साप्ताहिक किश्तें लेती है। कंपनी में फील्ड अफसर के रूप में बालोद निवासी जवाहर लाल एक साल पहले काम करता था। उसने कई महिलाओं का लोन पास कराया और फर्जी तरीके से लोन के रुपए हड़प लिए। यही नहीं किश्तों की राशि भी कंपनी में जमा करने के बजाए खुद ही रख लिए। इस तरह जवाहर लाल ने 4 लाख 85 हजार रुपए का फर्जीवाड़ा किया।

भुनेश्वर ने पुलिस को बताया कि भारत फाइनेंसियल इन्क्लूजन लिमिटेड की शाखा धमधा में जुड़े सदस्यों को गांव- गांव में जाकर लोन बाटना तथा सदस्यों से लोन का किश्त की रकम लाकर ऑफिस में जमा करना था लेकिन जवाहर लाल ने सदस्यों से किश्त तथा लोन का बकाया रकम प्राप्त किया ऑफिस में जमा नहीं किया। जवाहर लाल ने 18 सदस्यो के नाम पर लोन पास कराया और उनसे झूठ बोल कर वह राशि बायोमेट्रिक डिवाइस से सदस्यों को बिना बताए उनके खाते से निकाल लिया। यही नहीं जवाहर लाल ने 4 सदस्यों द्वारा लोन नहीं पटाने पर बकाया राशि को प्रीक्लोज कर दिया और उस पैसे को भी अपने पास रख लिया।

### 22 सदस्यों का 4 लाख 85 हजार रुपए गबन

जवाहर लाल ने 27 जून 2022 से लेकर 12 दिसंबर 2022 के बीच कुल 22 सदस्यों से 4 लाख 85 हजार रुपए की राशि ले ली। इसकी जानकारी कंपनी को बुधवार को लगी। बुधवार को बिर्झापुर की मीटिंग में कंपनी के सीनियर कर्मी राकेश वर्मा और स्टाफ राजू पटेल को इसकी जानकारी हुई। इसके बाद पूरे फील्ड का दौरा करने पर जवाहर लाल की धोखाधड़ी का पता चला। जवाहर लाल ने रुखमनी बाई धनकर का 25760, बसंती बाई का 17950, देवंतिन बाई का14750, गीता बाई का 6018, जयेश्री बाई गोड का 30000, शांति बाई का 17000, पुष्पा बाई का 25940, अनिता बाई का 20190, अनिता बाई का 51140, रेखा बाई विश्वकर्मा का 26530, शरिता बाई का 27000, भन्बती बाई निर्मलकर का14850, लीला बाई साहू का 28076, सुनीता बाई का 31000, सावित्री बाई का 25940, पहतिमा बी का 42296, नीलू बाई का 4200, अमरीका बाई का 8980, ललिता बाई सेन का 5000 मुंगेशिया बाई का 27730 तथा मीना बाई गोड का 4650 रुपए गबन कर लिया।

## खास-खबर



### पटाखों के अवैध भंडारण पर पुलिस कार्रवाई, 66 कार्टून जब्त

**कोरबा (ए)।** पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर अवैध गतिविधियों- अवैध विस्फोटक पदार्थ पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक राबिंसन गुरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी दीपका अश्वनी राठौर के नेतृत्व में दीपका पुलिस टीम द्वारा अवैध फटाका भण्डारण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने में सफलता प्राप्त हुई है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस को सुचना प्राप्त हुआ था कि कटघोरा रोड दीपका के रिहायसी इलाके में महेश अग्रवाल फटाके का अवैध भण्डारण करके रखा है जो जन सामान्य के लिए संकटापन्न है, जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए कटघोरा रोड दीपका आरोपी के मकान से 30,00000/- रु कीमती के अलग-अलग कंपनियों के विभिन्न फटाका 60 अलग अलग में कार्टून बरामद किया गया। ईसी तरह कटघोरा रोड दीपका के शुभम अग्रवाल व ताराचंद अग्रवाल से भी 06 कार्टून पटाखा बरामद किया गया, कुल 66 कार्टून फटाका कीमती लगभग 33,00000/- रुपए जिसे जप्त कर धारा- 286 भा.द .वि . व 9(बी) विस्फोटक अधिनियम के तहत अपराध पंजीबध्द किया गया है।

### एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाकर कोतवाली थाने में हंगामा

**बिलासपुर (ए)।** कोतवाली थाने में हंगामा एमआर एसोसिएशन के सदस्यों ने गुरुवार को पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाकर हंगामा किया। सदस्यों ने फार्मा कंपनी के एरिया मैनेजर पर एमआर से मारपीट का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। एमआर एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि फार्मा कंपनी के एरिया मैनेजर ने दुर्गेश कुमार राठौर से मारपीट की है। इस संबंध में एमआर एसोसिएशन के सदस्यों ने उससे बातचीत की तो वह हुज्जतबाजी करने लगा। बाद में उसने कोतवाली थाने में एमआर एसोसिएशन के सदस्यों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज करा दिया। पुलिस ने उसकी शिकायत की जांच के बिना ही जुर्म दर्ज कर लिया। सदस्यों की पूरी बात सुनने के बाद अधिकारियों ने मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र होने के कारण सिविल लाइन पुलिस को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

### आबकारी विभाग के छापे में पकड़ाई 100 लीटर महुआ शराब

आचार संहिता के दौरान 19 प्रकरणों में 18 गिरफ्तार

**कोरिया (ए)।** विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में कोरिया कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के आबकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के विभिन्न दलों के माध्यम अवस्थित होटल तथा ढाबों में अवैध मदिरा व अन्य मादक द्रव्यों के सेवन, विक्रय, चौर्यनयन, संग्रहण इत्यादि जैसी कोई गतिविधि न हो, इसके लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। बैकुण्ठपुर थाना के अंतर्गत खाटपानी नाला के पास लावारिस अवस्था में 15 हजार रुपए की 100 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 14 हजार रुपए 200 किग्रा महुआ लहान की जब्ती की गई। आचार संहिता के दौरान अब तक जिले में 40 जगहों में आबकारी विभाग द्वारा छापेमारी की कार्यवाही की गई है तथा 19 प्रकरणों पर 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है तथा इस दौरान लगभग 260 लीटर मदिरा तथा 200 किलोग्राम महुआ लाहन की जब्ती की गई है। बरामद सामग्रियों की कीमत करीब 31 हजार रुपये है। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया है कि लगातार इसी प्रकार की कार्यवाही आगे भी की जाएगी।

## गरियाबंद में महुआ शराब बिक्री करने वाले 2 युवक गिरफ्तार



**गरियाबंद (ए)।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में हो रहे अवैध रूप से गांजा, हीरा, शराब, वन्य प्राणियों के अवैध तस्करी को रोकने एवं अपने-अपने थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बल के दिशा-निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीसी पटेल के मार्गदर्शन व अनुविभागीय अधिकारी पुष्पेंद्र नायक के पर्यवेक्षण में विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसके परिणाम स्वरूप अवैध तस्करों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में थाना प्रभारी पांडुका को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम अतरमरा के लीलाराम ध्रुव एवं दिलीप कुमार ओगरे द्वारा अधिक मात्रा में अवैध रूप से देशी महुआ शराब बिक्री एवं परिवहन कर रहा है जिसकी सूचना पर थाने में टीम गठित कर बताए गए घटनास्थल पर पुलिस टीम को रवाना किया गया जहां पर लीलाराम ध्रुव एवं दिलीप कुमार ओगर को अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करते पाया गया। जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपना (01) नाम लीलाराम ध्रुव पिता आसकरण ध्रुव उम्र 29 वर्ष निवासी कुम्हारपारा थाना पांडुका एवं (02) आरोपी दिलीप कुमार ओगेर पिता दरोगा राम ओगेर उम्र 30 वर्ष साकिन अतरमरा थाना पांडुका के कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 4000 को समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पांडुका निरीक्षक सूर्यकांत भारद्वाज, सउनि गोपाल राम साहू, प्रधान आरक्षक ओंकार साहू, आरक्षक रामकुमार खैरवार, सैनिक भामेंद्र साहू का कार्य सराहनीय रहा।

## चेकिंग के दौरान साढ़े नौ लाख रुपये एजेंट से जब्त



**रायपुर (ए)।** रायपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान कलेक्शन एजेंट साढे नौ लाख रुपये जब्त किए गए हैं। राम वर्मा निवासी एकता नगर गुढ़ियारी के पास से रकम जब्त की गई है। इसकी सूचना आयकर विभाग को दे दी गई है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखने के साथ ही आदर्श आचार संहिता के परिपालन में पुलिस सघन चेकिंग करने के साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखकर लगातार चेकिंग की जा रही है। गुरुवार को थाना आजाद चौक क्षेत्र के अग्रसेन चौक के पास थाना आजाद चौक पुलिस की टीम द्वारा दोपहिया, चारपहिया वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक्टिवा वाहन को टीम के सदस्यों द्वारा रोकवाकर बैग को चेक किया गया। बैग को चेक करने पर उसमें नकदी रकम रखा होना पाया गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम राम वर्मा एकता नगर गुढ़ियारी का होना बताया।

टीम के सदस्यों द्वारा नकदी रकम के संबंध में पूछताछ करने एवं वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा नकदी रकम के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था। वह खुद को कंपनी को रिकवरी एजेंट बता रहा था। हालांकि सही जानकारी नहीं देने से पुलिस ने उसके पास रखे नकदी रकम नौ लाख 50 हजार रुपये जब्त किए गए।

## चुनाव में बाधा डालने वालों पर पुलिस प्रशासन की सख्ती, दो आरोपियों को किया जिलाबदर

**रायपुर (ए)।** चुनाव में शराब और हथियार से अपराधी मतदाताओं को भयभीत या प्रभावित करते हैं। पूर्व में चुनावों में प्रचार के दौरान हुए विवाद, मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले ऐसे आपराधिक तत्वों का भी रिकार्ड खंगाला गया है। इसके अलावा पुलिस से अपने-अपने क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्रों की भी जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय को भेजी है। रायपुर पुलिस ने जिलाबदर के लिए 33 बदमाशों की सूची सौंपी है। तीन आदतन अपराधियों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रकरण प्रस्तुत किए गए हैं।

प्रस्तुत प्रकरणों में से दो आरोपितों के प्रकरणों की प्रक्रिया पूरी होने पर जिला दंडाधिकारी रायपुर द्वारा इनके जिलाबदर के लिए आदेश जारी कर दिए गए हैं। इन्हें रायपुर और रायपुर के सरहदी जिलों में रहने, आने-जाने की मनाही होगी। विकास उर्फ भीम उर्फ रावण मधुकर उम्र 23 वर्ष निवासी इंद्रा नगर शुक्रवारी बाजार बिरगांव थाना उरला जिला रायपुर एवं मोहम्मद जुबेर उम्र 20 वर्ष निवासी गाजी नगर बिरगांव थाना उरला जिला रायपुर के विरुद्ध जिला दंडाधिकारी रायपुर द्वारा रायपुर और सीमावर्ती जिला दुर्ग, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदा बाजार के सीमाओं में बिना सक्षम न्यायालय की अनुमति के प्रवेश न करने आदेशित किया गया है।

विकास उर्फ भीम उर्फ रावण मधुकर के विरुद्ध थाना उरला में वर्ष 2018 से 2023 के बीच लोगों को डराना धमकाना, गुंडागर्दी, अवैध रूप से चाकू रखकर लहराते हुए लोगों को डराना धमकाना, नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा कर ले जाना, जुआ खेलना जैसे संगीन छह अपराध थाना उरला रायपुर में पंजीबद्ध हुए हैं।

वहीं मोहम्मद जुबेर द्वारा भी थाना उरला के साथ-साथ रायपुर जिला के थाना खमतराई अंतर्गत विगत कुछ वर्षों 2018 से 2023 तक अनावेदक अपराध में संलिप्त रहा है।

## बस्तर संभाग में नक्सलियों ने की चार ग्रामीणों की हत्या पुलिस मुखबिरी के शक में दिया वारदात को अंजाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में नक्सलियों ने चार ग्रामीणों की हत्या कर दी। पुलिस मुखबिरी के शक में कांकेर में तीन व बीजापुर में एक ग्रामीण की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी की सभा से पहले नक्सलियों ने फिर दहशत फैलान की कोशिश की है। चुनाव के समय नक्सलियों ने फरमान जारी कर कहा था कि चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी गांव से दूरी बनाकर रखें, चुनाव में सहयोग ना करें। ऐसा नहीं करने पर नक्सलियों ने गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी। वहीं पीएम मोदी की सभा से पहले नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम देकर सीधी चेतावनी दी है।



पहला मामला पखांजूर क्षेत्र के छोटे बेटियां थाना अंतर्गत मोरखंडी गांव का है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने मोरखंडी गांव से पांच ग्रामीणों को अगवा किया था। जिसमें तीन ग्रामीणों की मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या कर दी है। मृतकों की पहचना कुल्ले कतलामी (35), मनोज कोवाची (22), डुग्गे कोवाची (27) के रूप में हुई है।

दूसरी घटना में बुधवार की दरमियानी रात बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के गलगम निवासी ग्रामीण मुचाकी लिंगा पिता मल्ला उम्र 40 की नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के आरोप में रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। नक्सलियों ने ग्रामीण की हत्या के बाद गलगम व नडपल्ली के बीच सड़क में शव को फेंक दिया। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। एक अन्य घटना में मतदान अधिकारियों के लिए चेतावनी वाला एक नोट भेजा गया है। यह नोट स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) की पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी द्वारा जारी किया गया था। जिसमें चुनाव अधिकारियों को सात नवंबर को मतदान कराने के लिए मतदान केंद्रों पर नहीं जाने की चेतावनी दी गई है।

## गरियाबंद में पकड़ाया हीरा तस्कर, डेढ़ लाख के 47 हीरे जब्त, पेड़ के नीचे बेचने बैठा था आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज




**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। यहां पुलिस ने एक हीरा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 47 नग हीरा बरामद हुआ है। हीरे की कीमत 1 लाख 50 हजार बताई जा रही है। मामला जिले के इंदागांव थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद सायबर पुलिस टीम एवं इंदागांव को मुखबिर से सूचना मिली थी इंदागांव सब्जी बाजार में पेड़ के नीचे एक युवक हीरे बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहा है। सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और युवक को घेराबंदी कर हिरासत में लिया। युवक की तलाशी लेने पर उसकी पैंट की जेब में कागज कि पुड़िया में छोटे-छोटे चमकीले पत्थर मिले। कुल 47 हीरों की कीमत डेढ़ लाख आंकी गई है। वहीं युवक के पास से 1600 रुपए नगदी भी जब्त किया गया।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026,
8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### विधिमान्य 93 अभ्यर्थियों को रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा प्रतीक चिन्ह आबंटन

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए नाम निर्देशन 21 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ था। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन दाखिल किये जाने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित थी। 31 अक्टूबर को संवीक्षा के दौरान कुल 11 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्रों को निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप न होने के कारण संबंधित रिटर्निंग ऑफिसरों द्वारा निरस्त किया गया। 01 नवंबर से 02 नवंबर 2023 को अपरान्ह 3.00 बजे तक नाम वापस लिया गया। 06 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 115 अभ्यर्थियों ने नामांकन किये थे । स्कुटनी में 11 नामांकन निरस्त हुए, विधिमान्य नाम निर्देशित अभ्यर्थियों की संख्या 104 जिसमें 11 ने नामांकन वापस लिया। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार अंतिम रूप से विधिमान्य कुल 93 अभ्यर्थियों को रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा प्रतीक चिन्ह आबंटन किया गया है। प्रतीक चिन्ह आबंटन के तत्काल उपरांत प्रारूप 7(क) के अनुसार इवीएम मतपत्र, निविदत्त मतपत्र एवं डाक मतपत्र के मुद्रण हेतु शासकीय मुद्रणालय राजनांदगांव में उपस्थित होकर मतपत्रों का मुद्रण एवं प्रुफरीडिंग के लिए गोकुल रावटे अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट तथा राघवेन्द्र सिंह वरिष्ठ कोषालय अधिकारी दुर्ग को अधिकृत किया गया है।

### कारखानों में कार्य करने वाले श्रमिकों को मतदान के दिन 02-02 घंटे का अवकाश

**दुर्ग।** विधानसभा आम निर्वाचन, 2023 हेतु नियत मतदान में कारखाना अधिनियम-1948 तथा छ.ग. दुकान एवं स्थापना अधिनियम-1958 के अंतर्गत आने वाले कारखानों/संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत् उन श्रमिक / कर्मचारियों को मतदान के दिन अर्थात् 17 नवंबर 2023 दिन शुक्रवार को राज्य शासन एतद् द्वारा जिले से सबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में अवकाश घोषित किया गया हैं। सहायक श्रम आयुक्त से मिली जानकारी के अनुसार कारखानों में सप्ताह के सात दिन कार्य करने वाले श्रमिकों को मतदान के दिन 02-02 घंटे के अवकाश की सुविधा देने कहा गया है।

### डेंगू की रोकथाम हेतु सघन अभियान

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 02 नवंबर 2023 को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के प्रकरण निरंक है। वर्तमान में डेंगू एलिजा पॉजिटिव भर्ती मरीजों की संख्या 01 है। निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथान हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र, स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण व शहरीय की टीम द्वारा कुल 170824 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है. जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या-198829 जिनमें से 82857 खाली कराये गये सभी कंटेनरों में 116822 स्थानों में टेमीफस डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया।

# विधायक देवेंद्र यादव ने कहा- कांग्रेस पर जनता का भरोसा, सरकार बनी तो 475 रुपए में देंगे सिलिंडर

**विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड 47 में निकाली विश्वास यात्रा, जनता ने जताया विश्वास, हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़, जनता का मिला भारी समर्थन**

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव जनता का भरपूर सहयोग और आर्शीवार मिल रहा है। वार्डों में विधायक देवेन्द्र यादव विश्वास यात्रा कर रहे हैं। गुरूवार को न्यू खुर्सीपार वार्ड 47 गौतम नगर में विश्वास यात्रा निकाली गई। जिसे जनता ने पूरा विश्वास जताया। कांग्रेस सरकार व सीएम भूपेश बघेल ने घोषणा की है कि सिलिंडर रिफलिंग में छूट दी जाएगी।





प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनी तो मात्र 475 रुपए में घरेलू गैस सिलेण्डर जनता को दिया जाएगा। इस पर जनता ने अपना पूरा भरोसा जताया और कहा कि हमें कांग्रेस सरकार पर भरोसा है। सीएम भूपेश बघेल ने जो वादा किया वह निभाया।

भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव ने जो कहा वो कर के दिखाया। इस अवसर पर विधायक यादव ने कहा कि जनता की सेवा ही मेरा धर्म है और मैं अपना धर्म पूरी इमानदारी निष्ठा और पूरी श्रद्धा से निभाते आया हूं। हमने भिलाई के भलाई के लिए काम किया है। पहले के नेता सालों तक खुर्सीपार में वार्ड झांकने तक नहीं आते थे, हमेंशा खुर्सीपार- छावन की जनता की उपेक्षा करते रहे। पीने के लिए शुद्ध पानी तक नहीं दिए। महिलाएं टैंकरों में घंटों लाइन लगाकर पानी भरती थी। लोग कैमिकल युक्त पानी पीने को मजबूर थे। लेकिन जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनी, देवेन्द्र यादव विधायक बने, तब से वे खुद जनता से मिलने उनके घर जाते हैं। लोगों का कुशल क्षेम लेते हैं। जनता की समस्याओं का निदान करते हैं। पानी की समस्या को पूरी तरह से खत्म कर दिया। अब हर घर में शुद्ध फ्लिटर युक्त पानी दिया जा रहा है। जनता ने भी कहा कि वे जब से विधायक बने हैं, खुर्सीपार की तस्वीर ही बदल गई है।

### केजी से पीजी तक निःशुल्क होगी शिक्षा

देवेंद्र यादव ने कहा कि जबतक प्रदेश में भाजपा सरकार थी, सिर्फजनता को परेशान किया गया। महंगाई बढ़ाई गई। जनता के हित में कोई काम नहीं हुई। लेकिन जैसे ही कांग्रेस की सरकार आई सीएम भूपेश बघेल ने गरीब लोग भी अपने बच्चे को बेहतर शिक्षा दे सकें। इसके लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रदेश भर में खोला। और अब केजी से पीजी तक शिक्षा को पूरी तरह से फ्री कर दिया जाएगा। बच्चे बीए करें या इंजीनियरिंग व मेडिकल की पढ़ाई पूरी तरह से फ्री होगी। अब प्रदेश का हर बच्चा अपने माता पिता का सपना पूरा कर सकेंगे। पैसा की कमी किसी की शिक्षा और पढ़ाई में बाधा नहीं बनेगी।

# लोगों का उत्साह बता रहा है कि कांग्रेस पूर्ण बहुमत से पुनः सरकार बना रही : ताम्रध्वज साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का प्रचार तेज हो गया हैं। इसी क्रम में कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने ग्राम धनोरा, हनोदा, कोड़ीया, कोकड़ी, खम्हरिया, उमरपोटी, पुरई, करगाडीह, बोरीगारका एवं पाउवारा में हर वार्ड में पार्षद व पूर्व पार्षद, जोन, वार्ड एवं बुथ के पदाधिकारी मतदाताओं से सीधा संपर्क कर उन्हें कांग्रेस के पक्ष में वोट करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।



हर मतदाता से सीधा संपर्क कर उन्हें विकास कार्यों की जानकारी दे रहे हैं। आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार बनने पर जनता के हित में क्या कार्य किए जाएंगे यह भी जानकारी दी गई।

जनसंपर्क के दौरान विधायक प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने पिछले 5 वर्ष क्षेत्र में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी गई , जो कि जनता के हित में कराए गए हैं। इनमें प्रमुख रूप से सड़क, पानी,शिक्षा ,स्वास्थ , बिजली, सामुदायिक भवनों का निर्माण शामिल हैं। आगे कहा कि लोगों का उत्साह ये बता रहा है कि कांग्रेस सरकार पूर्ण बहुमत से पुन: सरकार बना रही है।भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में ?7,000 की जगह अब ?10,000 सालाना दिया जायेगा। कांग्रेस ने प्रदेश की जनता के हित में कई गारंटियों की घोषणा की है जिसका निश्चित रूप से आने वाले समय में राज्य की जनता को लाभ मिलेगा।

क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि ताम्रध्वज साहू पूरे 5 वर्षों तक लगातार सक्रिय रहते है और समय-समय पर क्षेत्र में जनसंपर्क करते रहते है और क्षेत्र में जो समस्या उनके सामने आती है। उसके निदान के लिए त्वरित कार्यवाही करवाते है। ताम्रध्वज भैय्या क्षेत्रवासियों के व्यक्तिगत समस्याओं को गंभीरता से लेते है और उसके निदान के लिए तुरन्त निर्देश देते है। इस अवसर पर अध्यक्ष केश शिल्प बोर्ड नंदकुमार सेन, अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेन्द्र देशमुख, भीषम हिरवानी, मोहन हरमुख, जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चंद्रकार ज़िला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, रामकली यादव, सुलोचना पुजा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष झमीत गायकवाड़, अध्यक्ष सहकरिता प्रकोष्ट रिवेन्द्र यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकुंद पारकर, जनपद सदस्य राकेश हिरवानी, विकास चंद्राकार बुधवंती मधुकर, महेंद्र सिन्हा, सुसायटी अध्यक्ष रोहित साहू, राजेश साहू, दिवाकर गायकवाड़, जमावंत गजपाल सरपंच मनीष साहू, तेजराम चंदेल, चंद्रभान सारथी, परमिला साहू, रोशन साहू, सुखित राम यादव, टिकेंद्र ठाकुर, उमा रिगरी, घनश्याम गजपाल, गुंजेश्वरी साहू, गण, कांग्रेस कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# महिलाओं ने की मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने की अपील

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत महिलाओं ने निगम क्षेत्र के गली मोहल्लो तथा सार्वजनिक खुले स्थान पर मानव श्रृंखला बनाकर 17 नवम्बर को मतदान अवश्य करे का नारा बुलंद किये। राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन से जुड़े भिलाई निगम क्षेत्र के महिला स्व सहायता समूह कि महिलाओं ने पंक्तिबद्ध होकर जब मोहल्ले में एकत्र हुई तो लोगो के लिए कौतुहल का विषय बन गया और देखते ही देखते मोहल्ले के अन्य महिलाएं उनसे जुड़ने लगी जो एक मानव श्रृंखला का रूप लेकर सभी ने शपथ लिए कि भव मुक्त होकर बिना किसी भेदभाव के जाति वर्ग से उपर उठकर अपने मताधिकार का उपयोग करेगे। सभी ने 17 नवम्बर को होने वाले मतदान में अपने और अपने मोहल्ले के सभी लोगो का मतदान करवाने का प्रण लिए अर्थात अपने मोहल्ले का शत् प्रतिशत मतदान करने का नारा लगाया। महिलाओ ने एक स्वर में कहा कि सारा काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो। इसी तरह का नजारा भिलाई निगम क्षेत्र के गौतम नगर सुपेला, शास्त्रीनगर, लक्ष्मीनारायण नगर, प्रगति नगर, राजीव नगर, मॉडल टाउन, कर्मा भवन कोहका, सेक्टर 10, छावनी बस्ती, कोसानगर श्रमिक क्षेत्र, सेक्टर 06, खुर्सीपार, अम्बेडकर नगर सहित लगभग 20 से अधिक मोहल्लों में मानव श्रृंखला बनाकर अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प दोहराया ।

युवा वोटरो को जागरूक करने निगम भिलाई द्वारा शुक्रवार को श्रीराम चौक खुर्सीपार मैदान में प्रात: 7 बजे वोट फॉर रन का आयोजन किया गया है, जिसमें 17 नवंबर को होने वाले मतदान में हर नागरिक अपना मतदान करे अर्थात शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए क्षेत्र के लोगो को प्रोत्साहित किया जाएगा।

# बीएसएफ की पहल पर आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का दूसरा जत्था अलीपुर रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। 15 वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत 2 नवंबर को कांकेर जिले के अति दुर्गम एवम् नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से 20 आदिवासी युवा लड़के एवं 20 युवा लड़कियों का दूसरा जत्था दुर्ग रेलवे स्टेशन से अलीपुर (दिल्ली) के लिए रवाना किया गया। इस जत्थे के साथ सीमा सुरक्षा बल के 2 पुरुष सुरक्षा अधिकारी और 02 महिला सुरक्षा अधिकारी भी रवाना हुए। ये जत्था दिल्ली में भारत के विभिन्न राज्यों के अन्य आदिवासी युवाओं से मिलकर अन्य राज्यों की संस्कृति से रूबरू होगा।




इस कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी युवक एवं युवतियों को उनके उज्वल भविष्य तथा अधिकार के बारे में उचित व उपयुक्त जानकारी प्रदान की जायेगी। साथ ही अन्य राज्यों से भाग लेने वाले युवक-युवतियों के बीच मेल-मिलाप बढ़ेगा, जिससे वे एक-दूसरे के खान-पान, रहन-सहन, सांस्कृतिक गतिविधियों व वेशभूषा से रूबरू होंगे। इस कार्यक्रम में सभी राज्यों के स्थानीय लोक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जायेगी। साथ ही दिल्ली के प्रसिद्ध, दर्शनीय एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

नेहरू युवा केन्द्र संगठन, नई दिल्ली (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) एवं गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में 15 वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की अवधि 07 दिन है। छत्तीसगढ के कांकेर जिले में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के नक्सल प्रभावित इलाके से इस वर्ष कुल 04 भ्रमण कार्यक्रमों के अंतर्गत 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के 130 चयनित युवा भाग ले रहे है। इस आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियों में संवैधानिक अधिकारियों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संवाद सत्र, पैनल चर्चा, व्याख्यान सत्र, आजादी का अमृत महोत्सव के तहत गतिविधियां, भाषण प्रतियोगिता, कैरियर संबंधी मार्गदर्शन, चल रहे खेल आयोजनों के बारे में जानना शामिल है। इसके अलावा प्रतिभागी दिल्ली के उद्योगो एवं सुरक्षा बलों के कैंपो का भ्रमण करेंगे। इस कार्यक्रम के दूसरे जत्थे को अलीपुर (दिल्ली) रवाना करते हुए सतीश एस खण्डारे, आईपीएस, महानिरीक्षक, सीमा सुरक्षा बल सीमांत मुख्यालय (विशेष संक्रिया) छत्तीसगढ़ एवं अजय अग्रवाल, उपमहानिरीक्षक (इंटेलीजेंस) ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में वाणिज्य विषय के पीएचडी वायवा में कृषि उपज भंडारण पर प्रस्तुतिकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग में आज टैगोर हॉल में ऑनलाईन एवं आफ्लाईन रूप से आयोजित वाणिज्य विषय के पीएचडी वायवा में छत्तीसगढ़ राज्य में कृषि उपज भंडारण का प्रबंधन सम्भावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर शासकीय विष्वनाथ यादव तामस्कर स्वषासी महाविद्यालय, दुर्ग शोधकेन्द्र की शोधछात्रा, डिगेश्वरी ने अपने शोधनिर्देषक, शासकीय महाविद्यालय, जामुल की वाणिज्य विषय की सहायक प्राध्यापक, डॉ. शषि कश्यप तथा सहषोधनिर्देषक, शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वषासी महाविद्यालय, दुर्ग के डॉ. शशिनाथ झा के मार्गदर्शन में पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अपना शोधकार्य प्रस्तुत किया।



यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव एवं पीएचडी सेल प्रभारी, डॉ. प्रीता लाल ने संयुक्त रूप से बताया कि इस वायवा में बाह्य परीक्षक के रूप में इंदिरागांधी जनजाति विष्वविद्यालय, अमरकंटक के वाणिज्य के प्राध्यापक, डॉ. एसएसएस भदौरिया उपस्थित थें।

अपने शोध निष्कर्ष में शोधार्थी डिगेष्वरी ने बताया कि सेवा सहकारी समितियों में धान भंडारण हेतु पर्याप्त स्थान की कमी होने के कारण स्थान में वृद्धि की आवष्यकता है। भंडारित धान की कमी का कारण सही समय में परिवहन न होना हैं। सेवा सहकारी समितियों में भंडारण हेतु अधिक से अधिक चबुतरे तथा टीन युक्त सेड का निर्माण किया जाना चाहिए। उठाव सही समय में न होने के कारण स्टॉक में वृद्धि होती जाती हैं। तापमान, कीड़ें, चुहे आदि से बचाव के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों से भंडारण की आवष्यकता है। विष्वविद्यालय की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने वायवा में शोधार्थी से अनेक प्रष्न पुछकर रचनात्मक सुझाव दियें। इस अवसर पर विष्वविद्यालय के कुलसचिव, श्री भूपेन्द्र कुलदीप एवं विष्वविद्यालय के समस्त अधिकारीगण, शोधार्थी डिगेष्वरी के कृषक माता-पिता, वाणिज्य संकाय के डीन डॉ. एच. पी. सिंह सलूजा, वरिष्ठ प्राध्यापक, डॉ. ओ. पी. गुप्ता, डॉ. के. एल. राठी, डॉ. भारती वर्मा, डॉ. निधि मोनिका शर्मा, डॉ. राजश्री शर्मा, कल्याण महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य, डॉ. डी. पी. जायसवाल तथा वर्तमान प्राचार्य, डॉ. आर. पी. अग्रवाल एवं कल्याण महाविद्यालय, भिलाई के सहायक प्राध्यापक, डॉ. हरिष कश्यप एवं डॉ. रविष सोनी सहित लगभग 100 से अधिक शोधार्थी एवं प्राध्यापक ऑनलाईन तथा ऑफ्लाईन रूप से उपस्थित थें।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए व्यापारी बने सारथी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** शत प्रतिशत मतदान कराने शुरू किए अभियान में रिसाली के व्यापारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। दुकान पहुंचे ग्राहकों को मतदान करने की अपील कर रहे है। इसके अलावा प्रतिष्ठान संचालक रसीद पर 17 नवम्बर को मतदान करने का मुहर लगाकर भी दे रहे है।

नगर पालिक निगम रिसाली के आयुक्त मतदाता जागरूकता अभियान में निगम क्षेत्र के व्यापारियों को भी शामिल किया है। आयुक्त के निर्देश पर मनिहारी दुकान से लेकर रेस्टोरेंट और अन्य बड़े प्रतिष्ठान संचालक रबर स्टैंप तैयार किया है।

जिस पर रिसाली का अभिमान, शत प्रतिशत मतदान, 17 नवम्बर को मतदान अवश्य करे का उल्लेख है। दुकानदार अपने ग्राहकों को बिल पर मुहर लगाकर मतदान करने प्रेरित कर रहे है।

लोकतंत्र के महायज्ञ के प्रचार में कृष्णा टॉकिज रोड मार्केट, आजाद मार्केट, रिसाली बस्ती मार्केट, मैत्री नगर एवं बीएसपी मार्केट के व्यापारी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है।

### बना 100 से अधिक व्यापारियों का समूह

निगम आयुक्त के अभिनव पहल को व्यापारियों ने नैतिक जिम्मेदारी समझा। व्यापारी स्वयं के खर्च पर रबर स्टैंप बनाया है। ऐसे व्यापारियों की संख्या लगभग सैकड़ा के आकड़ों को पार कर चुकी है। आयुक्त ने यह अभियान मतदान शुरू होने के एक दिन पहले चलाने तक आव्हन किया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950